मंगलवार, 13 जनवरी 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 13 – 24 |
| आर्द्रता | 64% |
| सूर्योदय: 06:19 | सूर्यास्त: 17:11 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : बाज की तरह अकेले खड़े रहो, दुनिया ज्ञान देती है साथ नहीं।



मोबाइल फोन उत्पादन 2025-26 के अंत तक 75 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान: आईसीईए पृष्ठ 8




JAISWAL INDUSTRIAL PARK PHASE I & II

COMPLETE COMMERCIAL PLOTS AVAILABLE WITH FILLING AND BOUNDARY

JUST 3 MINS FROM DANKUNI HOUSING

CALL: 7003982830 email: udgeethdevelopers@gmail.com

DIVYANSH JAISWAL


# भारत-जर्मनी रिश्तों को नई ऊंचाई, डिफेंस से सेमीकंडक्टर तक 4 बड़े समझौते



**नई दिल्ली :** 12 जनवरी दिन भारत की कूटनीति के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर भारत और जर्मनी के रिश्तों में एक नई ऊर्जा देखने को मिली। जर्मन चांसलर की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक में चार ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर हुआ, जिनका सबसे बड़ा प्रभाव भारत की सुरक्षा, तकनीकी आत्मनिर्भरता और वैश्विक भूमिका पर पड़ने वाला है। इस मुलाकात को सिर्फ औपचारिक बातचीत तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि डिफेंस, सेमीकंडक्टर, उच्च शिक्षा और आयुर्वेद जैसे बड़े महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भविष्य का रोडमैप तैयार किया गया।

**सेमीकंडक्टर और क्रिटिकल मिनरल्स पर बड़ा करार**

भारत-जर्मनी बैठक का सबसे अहम समझौता क्रिटिकल मिनरल्स और सेमीकंडक्टर को लेकर हुआ। आज के दौर में सेमीकंडक्टर मोबाइल फोन से लेकर रक्षा उपकरणों तक हर तकनीक की रीढ़ बन चुके हैं। जर्मनी जैसी तकनीकी ताकत के साथ साझेदारी से भारत को मैन्युफैक्चरिंग और रिसर्च के क्षेत्र में बड़ी मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह समझौता 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन को नई रफ्तार प्रदान करेगा।

**रक्षा सहयोग को मिलेगी नई दिशा**

दूसरा सबसे बड़ा कदम रक्षा क्षेत्र में उठाया गया। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग पर एक संयुक्त घोषणापत्र जारी किया। पीएम मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि रक्षा और सुरक्षा में सहयोग आपसी विश्वास का सबसे मजबूत आधार है। अब भारत और जर्मनी रक्षा व्यापार और तकनीकी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक ठोस रोडमैप तैयार करेंगे, जिससे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

**शिक्षा और आयुर्वेद पर भी सहमति**

तीसरा समझौता उच्च शिक्षा (हायर एजुकेशन) के क्षेत्र में हुआ है। इससे भारतीय छात्रों को जर्मनी में पढ़ाई और रिसर्च के नए मौके मिलेंगे, वहीं दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग बढ़ेगा। इसके साथ ही आयुर्वेद को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए भी दोनों देशों ने साझेदारी पर सहमति जताई। इससे भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को यूरोप में नई स्वीकार्यता मिलने की संभावना है।

**आतंकवाद और वैश्विक संकटों पर गंभीर चिंता**

बैठक में वैश्विक शांति और सुरक्षा के मुद्दों पर भी गंभीर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन और गाजा संघर्ष का जिक्र करते हुए आतंकवाद को पूरी मानवता के लिए खतरा बताया। उन्होंने जोर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता आवश्यक है और इस दिशा में जर्मनी भारत का महत्वपूर्ण साझेदार बन सकता है।

## तेजी से बदलते विश्व में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा: मोदी




**गांधीनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और मशीनरी पर निर्भरता को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया के लिए विश्वसनीय और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना भारत और जर्मनी की ''साझी जिम्मेदारी'' है। मोदी ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'भारत-जर्मनी सीईओ फोरम' को संबोधित किया। इस अवसर पर जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच साझेदारी साझा मूल्यों और आपसी विश्वास की नींव पर निर्मित एक निर्बाध साझेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''दुनिया तेजी से बदल रही है। हम देख रहे हैं कि किस प्रकार महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और पूंजीवादी तंत्र पर निर्भरता को आज हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद की जयंती के पावन अवसर पर हमें उनके विचारों और संदेश से प्रेरणा लेनी चाहिए।''


RED-X

B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS

'X' Factor that Makes A Difference

Stockist :

GULAB CHAND LAL CHAND& Co.

9831114555

9874415555


## पीएसएलवी-सी62 रॉकेट उड़ान पथ से भटका, उपग्रहों को निर्धारित कक्षा में स्थापित करने में विफल

**श्रीहरिकोटा :** एक विदेशी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह समेत 16 उपग्रहों को लेकर अंतरिक्ष के लिए रवाना होने वाले इसरो के पीएसएलवी-सी62 रॉकेट को प्रक्षेपण के तीसरे चरण में गड़बड़ी का सामना करना पड़ा। इससे यह रॉकेट उड़ान पथ से भटक गया और उपग्रहों को निर्धारित कक्षा में स्थापित करने में विफल रहा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह लगातार दूसरी बार है, जब पीएसएलवी मिशन तीसरे चरण के दौरान आई गड़बड़ी के कारण विफल हो गया। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने बताया कि उड़ान के तीसरे चरण के दौरान जब 'स्ट्रैप-ऑन मोटर' पीएसएलवी-सी62 को निर्धारित ऊंचाई तक ले जाने के लिए 'थ्रस्ट' प्रदान कर रहे थे, तब रॉकेट में गड़बड़ी आ गई और बाद में वह उड़ान पथ से विचलित हो गया। उन्होंने कहा कि रॉकेट में गड़बड़ी आने और उसके उड़ान पथ से भटकने के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत विश्लेषण शुरू कर दिया गया है।

# अब बंगाल में 'निपाह वायरस' की दस्तक, दो नर्स संक्रमित

**मुख्य सचिव औंर स्वास्थ्य सचिव ने दी जानकारी, हेल्पलाइन नंबर जारी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोरोना की विभीषिका के बाद अब बंगाल में घातक 'निपाह वायरस' के संदिग्ध मामलों ने राज्य और केंद्र सरकार की नींद उड़ा दी है। उत्तर 24 परगना के बारासात स्थित एक निजी अस्पताल में दो नर्सों के इस जानलेवा वायरस से संक्रमित होने की बातें सामने आई है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, संदिग्ध संक्रमितों में एक महिला और एक पुरुष नर्स शामिल हैं। महिला नर्स नदिया की रहने वाली है, जबकि पुरुष नर्स का घर पूर्व बर्दवान जिले के काटवा में है। महिला नर्स 31 दिसंबर को घर जाने के बाद बीमार पड़ी थी। पहले उसे काटवा अस्पताल और फिर बर्दवान मेडिकल कालेज ले जाया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर उसे बारसात के उसी निजी अस्पताल में लाया गया जहां वे कार्यरत है। कल्याणी एम्स की लैब में प्रारंभिक नमूनों की जांच के बाद निपाह की आशंका जताई गई है। हालांकि, निपाह एक 'नोटिफिएबल डिजीज' है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग ने विस्तृत रिपोर्ट विश्लेषण के लिए केंद्र को भेजी है।




इस आपात स्थिति को देखते हुए राज्य सचिवालय (नवान्न) पूरी तरह सतर्क है और केंद्र सरकार ने विशेषज्ञों की एक नेशनल आउटब्रेक रिस्पांस टीम बंगाल के लिए रवाना कर दी है। राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम ने सोमवारी की शाम को वर्चुअली एक संवाददाता सम्मेलन कर स्थिति की गंभीरता को स्पष्ट किया। मुख्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद इस पूरे मामले की निगरानी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है। स्वास्थ्य विभाग की एक विशेष टीम स्थिति की समीक्षा कर रही है और घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सावधानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों और संपर्कों की पहचान के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। मुख्य सचिव ने लोगों को चमगादड़ जिन फलों को खाते हैं उससे दूर रहने की सलाह दी है। स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम ने जानकारी दी कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों को अलर्ट पर रखा गया है और परीक्षण की व्यवस्था की गई है। निजी अस्पतालों के लिए भी अलग से स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर जारी किया जा रहा है। इन दोनों के करीबियों का कान्टैक्ट ट्रेसिंग (संपर्क में आए लोगों की पहचान) और वायरस के स्रोत का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

**केंद्र सरकार भी सक्रिय**

मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से फोन पर बात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। केंद्र ने दिल्ली में नेशनल सेंटर फार डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) के भीतर पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी आपरेशंस सेंटर को सक्रिय कर दिया है।

## बच्चों के चीनी मांझे से पतंग उड़ाने पर जिम्मेदार ठहराए जा सकते हैं अभिभावक: अदालत

**इंदौर :** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को चीनी मांझे (नायलॉन का तीखा धागा) पर जारी प्रतिबंध को सख्ती से लागू कराए जाने का निर्देश देते हुए सोमवार को कहा कि अगर कोई बच्चा इस घातक डोर से पतंग उड़ाता पाया जाता है, तो उसके अभिभावक को कानूनन जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। अदालत ने आम लोगों के बीच इस बात के प्रचार का निर्देश भी दिया कि चीनी मांझे की बिक्री या उपयोग पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) (लापरवाहीपूर्ण कृत्य के कारण होने वाली मृत्यु) के तहत कार्रवाई की जा सकती है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने चीनी मांझे के कारण लोगों की मौत और दुर्घटनाओं का पिछले साल 11 दिसंबर को जनहित याचिका के तौर पर खुद संज्ञान लिया था। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी को राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि चीनी मांझे की बिक्री रोकने के लिए पहले ही कदम उठाए गए हैं ।

## सोना, चांदी नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नयी दिल्ली :** वैश्विक बाजारों में जोरदार तेजी के अनुरूप सोमवार को राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 15,000 रुपये उछलकर 2,65,000 रुपये प्रति किलोग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी। वहीं सोना 1,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड पर रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 15,000 रुपये यानी छह प्रतिशत बढ़कर 2,65,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) के नए शिखर पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## आई-पैक छापा मामले में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की दो याचिकाएं

**मुख्यमंत्री, राज्य के डीजीपी औंर कोलकाता पुलिस आयुक्त को बनाया पक्षकार**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस को राजनीतिक और चुनावी सलाह देने वाली कंपनी इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के ऑफिस और कंपनी के प्रमुख के आवास पर ईडी के छापे का मामला गरमा गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री, डीजीपी और कोलकाता के पुलिस आयुक्त को सुप्रीम कोर्ट में घसीट लिया है। ईडी ने सोमवार को मुख्यमंत्री, डीजीपी और पुलिस आयुक्त व अन्य के खिलाफ दो अलग-अलग याचिकाएं शीर्ष अदालत में दाखिल की हैं। इन याचिकाओं में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राज्य पुलिस के डीजीपी राजीव कुमार, कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा, कोलकाता पुलिस के डीसी प्रियब्रत राय को पक्षकार बनाया गया है। इस मामले में एक अन्य केंद्रीय जांच एजेंसी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भी पक्षकार बनाया है। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में जो याचिकाएं दाखिल की हैं, उसमें 8 जनवरी को कोलकाता में हुई घटनाओं का विस्तृत उल्लेख किया गया है। ईडी का दावा है कि पुराने कोयला तस्करी मामले की जांच के सिलसिले में आई-पैक के सॉल्टलेक स्थित कार्यालय और संस्था के प्रमुख प्रतीक जैन के लाउडन स्ट्रीट स्थित आवास पर तलाशी ली गयी थी। इसी दौरान, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मौके पर पहुंचकर तलाशी के बीच कुछ महत्वपूर्ण फाइल उठाकर ले गयीं। हालांकि, ईडी का आरोप है कि तलाशी के दौरान मुख्यमंत्री ने जांच में प्रत्यक्ष रूप से हस्तक्षेप किया। ईडी अधिकारियों के हाथ से फाइलें छीनीं। ईडी का यह भी दावा है कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्रीय एजेंसी के काम को बाधित किया। ईडी अधिकारियों को अपना काम करने से रोका गया। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल पहली याचिका ईडी की ओर से दायर की गयी है, जबकि दूसरी याचिका ईडी के तीन अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से दाखिल की है। इन याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि तलाशी के समय ईडी अधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की हुई और उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की गई। ईडी ने इसे जांच प्रक्रिया में गंभीर हस्तक्षेप बताया है। ईडी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में उठाये गये सवालों पर अब शीर्ष अदालत का रुख तय करेगा कि तलाशी अभियान के दौरान कानून की सीमा का उल्लंघन हुआ या नहीं। इसमें मुख्यमंत्री से लेकर पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की भूमिका क्या रही।

## ट्रंप ने स्वयं को बताया 'वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति'



**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर अपनी एक तस्वीर साझा की और खुद को ''वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति'' बताया। 'ट्रुथ सोशल' पर रविवार को साझा की गई तस्वीर ट्रंप की आधिकारिक 'फोटो' है और उसमें उनका पद ''वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति'' और ''जनवरी 2026 से वर्तमान राष्ट्रपति'' लिखा गया है। इस तस्वीर में ट्रंप को अमेरिका का 45वां और 47वां राष्ट्रपति बताया गया है, जिन्होंने 20 जनवरी 2025 को पदभार ग्रहण किया था। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका ने वेनेजुएला पर एक बड़ा हमला किया था और वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को न्यूयॉर्क ले जाया गया, जहां उन पर नशीले पदार्थों की तस्करी की साजिश के आरोप में मुकदमा चलाया जा रहा है। ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका ''वेनेजुएला का संचालन तब तक करेगा जब तक हम एक सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता हस्तांतरण नहीं कर लेते। हम यह जोखिम नहीं उठा सकते कि कोई ऐसा व्यक्ति वेनेजुएला की बागडोर संभाले जिसके मन में वेनेजुएलावासियों के हित न हों।''

### ईरान बातचीत के लिए राजी: ट्रंप; देशव्यापी प्रदर्शनों में मृतकों की संख्या बढ़कर 599 हुई

**दुबई :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई को लेकर ईरान पर हमले की उनकी चेतावनी के बाद तेहरान वाशिंगटन के साथ बातचीत करना चाहता है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में सामने आई है, जब अधिकार कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कहा कि ईरान में महंगाई और मुद्रा अवमूल्यन को लेकर देशव्यापी प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 599 हो गई है। हालांकि, ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की है। उनकी यह टिप्पणी ओमान के विदेश मंत्री की सप्ताहांत में हुई ईरान यात्रा के बाद आई है, जो लंबे समय से वाशिंगटन और तेहरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका में रहे हैं।

## अमेरिका के लिए भारत बहुत महत्वूपर्ण, दोनों देश व्यापार समझौते के लिए वार्ता में शामिल : सर्जियो गोर



**नयी दिल्ली :** तनाव को दूर कर द्विपक्षीय संबंधों को दोबारा मजबूत करने का संकेत देते हुए दिल्ली में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को कहा कि वाशिंगटन के लिए भारत जितना आवश्यक कोई अन्य देश नहीं है और दोनों पक्ष व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। अपने आगमन संबोधन में उन्होंने महत्वपूर्ण खनिजों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर अमेरिका के नेतृत्व वाले रणनीतिक गठबंधन 'पैक्स सिलिका' में भारत के शामिल होने के लिए निमंत्रण की भी घोषणा की। गोर ने कहा कि व्यापार समझौते पर अगली बातचीत मंगलवार को होने वाली है। उन्होंने कहा, ''अमेरिका और भारत केवल साझा हितों से ही नहीं जुड़े हैं बल्कि यह रिश्ता सर्वोच्च स्तरों पर आधारित है।'' उन्होंने उम्मीद जतायी कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले साल या उसके अगले साल भारत की यात्रा करेंगे। पदभार संभालने के कुछ ही घंटों बाद गोर द्वारा दिए गए इन बयानों को ट्रंप प्रशासन की ओर से ऐसे समय में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जब उसने हाल के महीनों में शुल्क (टैरिफ) और एच-1बी वीजा को लेकर भारत पर दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों और कुछ पत्रकारों को संबोधित करते हुए गोर ने कहा, ''आपके और मेरे सामने कूटनीति को फिर से परिभाषित करने का जीवन में एक बार मिलने वाला अविश्वसनीय अवसर है। इससे जो हासिल किया जा सकता है, वह इस सदी की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक साझेदारी साबित हो सकती है।'' उन्होंने कहा, ''भारत से अधिक आवश्यक कोई साझेदार नहीं है। आने वाले महीनों और वर्षों में राजदूत के रूप में मेरा लक्ष्य एक अत्यंत महत्वाकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ाना है। हम इसे सच्चे रणनीतिक साझेदारों के रूप में करेंगे, जहां दोनों पक्ष अपनी ताकत, सम्मान और नेतृत्व के साथ आगे आएंगे।''

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह नौ प्रतिशत बढ़कर 18.4 लाख करोड़ रुपये पर: आयकर विभाग

**नयी दिल्ली :** रिफंड में कमी और कॉरपोरेट कर संग्रह बढ़ने से चालू वित्त वर्ष में 11 जनवरी तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 8.82 प्रतिशत बढ़कर 18.38 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयकर विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। विभाग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, एक अप्रैल, 2025 से लेकर 11 जनवरी, 2026 के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 12.4 प्रतिशत बढ़कर 8.63 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जबकि गैर-कॉरपोरेट कर (व्यक्तिगत करदाता और हिंदू अविभाजित परिवार समेत) संग्रह 6.39 प्रतिशत बढ़कर करीब 9.30 लाख करोड़ रुपये रहा। आयकर विभाग के मुताबिक, इस अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से संग्रह साल भर पहले की समान अवधि के मुकाबले 44,867 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रहा। हालांकि आलोच्य अवधि में कर रिफंड सालाना आधार पर 17 प्रतिशत घटकर 3.12 लाख करोड़ रुपये रह गया।





AVAILABLE AT ALL LEADING STORE

PRODUCT RANGE: MIXER GRINDER, ELECTRIC KETTLE, NONSTICK COOKWARE, INDUCTION, AIR FRYER, SANDWICH MAKER, POPUP TOASTER, PRESSURE COOKER, IRON, FAN, SS BOTLE & FLASK, OPALWARE DINNER SET, GLASSWARE AND CERAMICS TABLEWARE.

For Corporate Enquiry or Bulk Booking Call Us:

9874551349 & 8100468652

Head Office: 32, Chatawalla Gulle,2nd Floor, Kolkata - 700012.

Customer No.: 033 22254452 Email: assurced@gmail.com

Website: www.assure-india.com

*We are also open on Sundays.

## दमन से समाज में असंतोष गहरा होगा

ईरान में दशकों से जारी कट्टरपंथी शासन में गाहे-बगाहे प्रतिरोध के स्वर उभरते रहे हैं, जिनका दमन भी शक्ति से होता रहा है। लेकिन मौजूदा विरोध पिछले एक दशक में सबसे तीव्र है। प्रदर्शनकारियों के दमन और प्रदर्शनकारियों को मृत्यु दंड देने की चेतावनी के बाद नहीं लगता है कि जन-अशांति कम होगी। प्रदर्शनकारियों को 'ईश्वर का शत्रु' बताने की ढाल ईरानी सत्ताधीशों को किस हद तक सुरक्षा कवच मुहैया कराएगी,कहना कठिन है। ये महज तात्कालिक उद्देश्य ही किसी हद तक पूरा कर सकता है। इतिहास गवाह है कि दमन से व्यापक असहमति को शायद ही कभी दबाया जा सका हो। जब भी सत्ताधीशों ने ताकत के बल पर जनभावनाओं का दमन किया, फौरी तौर पर भले ही वह दबता दिखता हो, लेकिन वास्तविकता ठीक इसके विपरीत होती है। भीतर-ही-भीतर आक्रोश सुलगता रहता है। कालांतर वह अधिक वेग से वापस लौटकर सत्ता में बदलाव लाता है। दुनिया में तमाम उदाहरण विभिन्न देशों में सामने आते हैं। वास्तव में ईरान का संकट एक एकीकृत धर्म आधारित सत्ता और खुलेपन की ओर बढ़ते समाज का टकराव है। विशेष रूप से सत्ता और युवा वर्ग के बीच खाई लगातार चौड़ी हुई है। ईरान के युवा दूसरे इस्लामिक व मध्यपूर्व के अन्य देशों में खुले समाज और विकास की नई ऊंचाइयों से प्रभावित हैं। वे अपने देश में ऐसा ही प्रगतिशील शासन देखने के आकांक्षी हैं। ये युवा गरिमामय जीवन, अधिक आर्थिक उन्नति के अवसर और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मांग कर रहे हैं।

निस्संदेह, मौजूदा लोकतांत्रिक विश्व में सत्ता द्वारा संवाद के बजाय शक्ति पर निर्भरता, उसकी उस वैधता को ही कमजोर करती है, जिसे वह अपने हित में संरक्षित करना चाहती है। शासन द्वारा जनता की आवाजों को दबाने का उपक्रम अस्थायी शांति तो ला सकता है, लेकिन शासन के प्रति अविश्वास को बढ़ाता है और अलगाव की खाई को गहरा करता है। वहीं दूसरी ओर ईरान सरकार की दमनकारी नीतियों से वैश्विक समुदाय असहज महसूस कर रहा है। हालांकि, ईरान लंबे समय से पश्चिमी देशों खासकर अमेरिका के दुराग्रहों का शिकार रहा है, वे जब-तब ईरान सरकार की नीतियों की आलोचना करते रहे हैं। जो लोकतांत्रिक सिद्धांतों के बजाय भू-राजनीतिक हितों से ज्यादा प्रेरित रही है। ईरान की परमाणु नीति के चलते उस पर व्यापक प्रतिबंध भी लगाए गए हैं, जिससे धीरे-धीरे ईरान की आर्थिक स्थिति बदतर होती चली गई। फलस्वरूप महंगाई की मार से त्रस्त जनता सड़कों पर उतर आई। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि प्रतिबंधों और राजनयिक अलगाव से स्थितियों में कोई सार्थक सुधार नहीं हुआ है। लेकिन आम लोगों की जिंदगी ज्यादा कष्टकारी हो चली है। तेहरान के साथ भारत के कूटनीतिक व आर्थिक संबंध बेहतर रहे हैं, मौजूदा स्थिति में भारत को ईरान के साथ सावधानी के साथ संतुलित संबंध बनाये रखने होंगे। ईरान के विदेश मंत्री की प्रस्तावित भारत यात्रा के दौरान बातचीत में इस नाजुक संतुलन की परीक्षा होगी। जिसे ईरान के आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

## भारत की आपत्ति के बाद चीन ने शक्सगाम घाटी पर अपना दावा दोहराया

**बीजिंग :** चीन ने भारत की आपत्तियों के बीच सोमवार को शक्सगाम घाटी पर अपने क्षेत्रीय दावों को दोहराया और कहा कि इस इलाके में उसकी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं बिल्कुल उचित हैं। भारत ने पिछले शुक्रवार को शक्सगाम घाटी में चीन की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आलोचना करते हुए कहा था कि यह भारतीय क्षेत्र है और उसके पास अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने का अधिकार है। पाकिस्तान ने 1963 में अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र में से शक्सगाम घाटी के 5,180 वर्ग किलोमीटर हिस्से को चीन को सौंप दिया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, शक्सगाम घाटी भारतीय क्षेत्र है। हमने 1963 में किए गए तथाकथित चीन-पाकिस्तान 'सीमा समझौते' को कभी मान्यता नहीं दी है।

हम लगातार कहते आए हैं कि यह समझौता अवैध और अमान्य है। उन्होंने कहा, हम तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को भी मान्यता नहीं देते, क्योंकि यह भारतीय क्षेत्र से होकर गुजरता है, जिसपर पाकिस्तान का अवैध और जबरन कब्जा है। जायसवाल ने कहा कि पूरा जम्मू कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 जनवरी, मंगलवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ कृष्णपक्ष दशमी, 15:18 तक, नक्षत्र : विशाखा, 23:59 तक, योग : शुला, 19:01 तक, सूर्योदय: 06:14, सूर्यास्त: 17:00, चन्द्रोदय : 01:34, चन्द्रास्त: 12:36, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 14:26 से 15:47

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को किसी से कोई बड़ा वादा करने से फिलहाल बचना होगा। कुछ लोग आपकी इसी भलाई का फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं।

**वृष :** आज के दिन आपको कार्यक्षेत्र में कुछ अधिक जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। नौकरीपेशा लोग नया प्रोजेक्ट मिलने से व्यस्त रहेंगे। घर-परिवार से जुड़ी जिम्मेदारियां भी बढ़ती हुई दिख सकती हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों का दिन भागदौड़ भरा रहने वाला है। चलते-फिरते आपको किसी अपने की मदद करनी पड़ सकती है। दिन के अंत तक कई काम आपके पक्ष में आने नज़र आएंगे।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों को महत्वपूर्ण फैसलों में सावधानी बरतनी होगी। भावनाओं में बहकर कोई फैसला लेने से बचें। कोई फैसला आगे चलकर परेशानी कढ़ी कर सकता है।

**सिंह :** आज आपको अपने आसपास के माहौल पर खास नजर रखनी होगी। कार्यक्षेत्र में चल रही गतिविधियां आपके फैसलों से प्रभावित हो सकती हैं। घबराने की बजाय शांत मन से फैसले लें।

**कन्या :** आज किसी के प्रस्ताव को लेकर फैसला लेना पड़ सकता है। भावनाओं में बहकर कोई ऐसा कदम न उठाएं, जो आगे चलकर परेशानी का कारण बने।

**तुला :** अगर आप किसी असमंजस में पड़ सकते हैं। ऐसे में अपनी स्थिति साफ कर देना आपके लिए बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में भी स्पष्ट संवाद आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**वृश्चिक :** नई नौकरी या नया कारोबार शुरू करने का विचार बना सकते हैं। आपके आसपास के लोगों की सलाह और सहयोग आपके काम आएगा।

**धनु :** आज काम को लेकर थोड़ी तेजी दिखाना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। लापरवाही या आलस से नुकसान होने की संभावना है। प्राथमिकताओं के अनुसार काम खत्म करने की कोशिश करें।

**मकर :** आज किसी पुराने वादे को पूरा करने का अच्छा मौका मिल सकता है। अगर आपने किसी काम को लंबे समय से टाल रखा है, तो अब उसे निपटाने में ही समझदारी है।

**कुम्भ :** काफी समय बाद आपकी दिनचर्या में बदलाव देखने को मिल सकता है। अगर आपको कोई नया पद या जिम्मेदारी मिल रही है तो उसे स्वीकार करने में ज्यादा सोच-विचार न करें।

**मीन :** आज आपको किसी कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। लोगों के बीच आपकी मौजूदगी सबका ध्यान खींचेगी। हालांकि दिखावे से बचना ही बेहतर रहेगा।

# बचत और खर्च का असंतुलनः नये भारत के लिए बड़ी चुनौती



ललित गर्ग

महामारी के बाद की दुनिया केवल स्वास्थ्य के स्तर पर ही नहीं, बल्कि आर्थिक सोच और व्यवहार में भी एक बड़े संक्रमण से गुज़री है। वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं की अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव, बढ़ती महंगाई, तकनीक-आधारित बाजार और उपभोक्तावादी संस्कृति के तीव्र प्रसार ने लोगों की खर्च करने की प्रवृत्ति को असाधारण रूप से बढ़ा दिया है। इस बदलाव का सबसे गहरा असर घरेलू बचत पर पड़ा है। भारत सहित अनेक देशों में घरेलू बचत दरें ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर पहुंच चुकी हैं। उपभोग बढ़ रहा है, लेकिन भविष्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक बचत निरंतर घटती जा रही है। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चिंता का विषय भी बनती जा रही है। भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू बचत सदैव विकास की रीढ़ रही है। बुनियादी ढांचे से लेकर औद्योगिक निवेश तक, भारत की विकास गाथा में घरेलू बचत की भूमिका निर्णायक रही है। परंतु आज स्थिति यह है कि विशेषकर युवा पीढ़ी में बचत की दर 10 से 15 प्रतिशत तक सिमट गई है। यह आंकड़ा किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब बचत और खर्च के बीच असंतुलन एक गंभीर चेतावनी के रूप में सामने आ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में युवाओं की भूमिका को हमेशा निर्णायक माना है और वे बार-बार यह संदेश देते रहे हैं कि बचत केवल व्यक्तिगत सुरक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। उनके अनुसार उपभोग से पहले बचत की संस्कृति युवाओं में आत्मनिर्भरता, अनुशासन और दीर्घकालिक सोच का विकास करती है। जन-धन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, डिजिटल बचत और निवेश के माध्यमों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि छोटे-छोटे नियमित निवेश भविष्य की बड़ी आर्थिक शक्ति बनते हैं। मोदी का विचार है कि जब युवा वर्ग आज अनावश्यक खर्च से बचकर बचत और उत्पादक निवेश की ओर अग्रसर होगा, तभी भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकेगी; क्योंकि आत्मनिर्भर युवा ही सशक्त भारत की सबसे बड़ी पूंजी है।

भारतीय परंपरा में बचत को केवल आर्थिक क्रिया नहीं, बल्कि एक सद्गुण माना गया है। आज की बचत, कल का संबल जैसी कहावतें हमारे सामाजिक व्यवहार का हिस्सा रही हैं। गृहस्थ जीवन में संतुलन, संयम और संचय को जीवन-मूल्य के रूप में स्वीकार किया गया। बच्चों की गुल्लक, अनाज के कोठार, गहनों के रूप में सुरक्षित धन, और त्योहारों पर सीमित व सादगीपूर्ण खर्च-ये सब भारतीय जीवनशैली के अभिन्न अंग थे। संकट के समय भारतीय परिवार किसी के सामने हाथ फैलाने की बजाय अपनी जमा पूंजी और संसाधनों पर भरोसा करता था। यह आत्मनिर्भरता भारतीय समाज की शक्ति रही है। लेकिन बदलती जीवनशैली और बाजार-प्रेरित संस्कृति ने इस परंपरा को कमजोर किया है। आज 'जियो अभी' की मानसिकता, आसान कर्ज, ईएमआई संस्कृति, क्रेडिट कार्ड, ऑनलाइन शॉपिंग और सोशल मीडिया पर दिखावे की प्रतिस्पर्धा ने खर्च को एक प्रकार की पहचान बना दिया है। उपभोग अब आवश्यकता से अधिक आकांक्षा से संचालित होने लगा है। अनुभवों, ब्रांड और त्वरित संतुष्टि को प्राथमिकता देने से दीर्घकालीन वित्तीय सुरक्षा पीछे छूटती जा रही है। विशेषकर जेन-जी और युवा मिलेनियल पीढ़ी के लिए बचत एक बोझ या भविष्य की अस्पष्ट चिंता जैसी प्रतीत होने लगी है। यह स्थिति भारतीय दर्शन की मूल भावना के विपरीत है। भारतीय विचार परंपरा न अति भोग की पक्षधर है, न अति त्याग की। संयम, संतुलन और विवेक का मार्ग ही श्रेष्ठ माना गया है। यही सिद्धांत आर्थिक जीवन में भी लागू होता है। उपभोग आवश्यक है, क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था गतिशील रहती है, रोजगार सृजन होता है और नवाचार को प्रोत्साहन मिलता है। परंतु जब खर्च अनियंत्रित हो जाए और बचत उपेक्षित हो जाए, तब व्यक्ति ही नहीं, समाज और राष्ट्र भी असुरक्षित हो जाते हैं।

अनुभवों, ब्रांड और त्वरित संतुष्टि को प्राथमिकता देने से दीर्घकालीन वित्तीय सुरक्षा पीछे छूट रही है। भारतीय आर्थिक सोच में बचत को आर्थिक सुरक्षा और विकास का आधार माना जाता है, जहाँ घर-परिवार की आय का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 70 प्रतिशत) घरेलू बचत से आता है, जो सोने, स्थायी जमा और पीपीएफ जैसी योजनाओं में होता है, लेकिन नई पीढ़ी में 'खर्च करो' की सोच बढ़ी है, जिससे बचत की दरें घट रही हैं, जबकि वित्तीय साक्षरता और सरकारी योजनाओं (पीपीएफ, एनएससी, सुकन्या समृद्धि) के जरिए इसे फिर से बढ़ाने पर जोर है, क्योंकि बचत से ही निवेश और आर्थिक विकास संभव है। आज की वैश्विक परिस्थितियां इस असुरक्षा को और गहरा कर रही हैं। भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध, जलवायु संकट, तकनीकी बदलाव और रोजगार की अनिश्चितता यह संकेत देती है कि भविष्य पहले से अधिक अस्थिर है। ऐसी स्थिति में बचत और निवेश दोनों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि भारतीय समाज अपनी बचत संस्कृति से दूर होता गया, तो दीर्घकाल में आर्थिक आत्मनिर्भरता कमजोर पड़ सकती है। विदेशी पूंजी पर निर्भरता बढ़ेगी और घरेलू संसाधनों की भूमिका सीमित होती जाएगी।

युवाओं को वित्तीय साक्षरता के माध्यम से बचत और निवेश का महत्व समझाना होगा। यह भी ध्यान देने योग्य है कि बचत में गिरावट का सीधा प्रभाव पारिवारिक एवं सामाजिक सुरक्षा पर पड़ता है। भारत में अभी भी व्यापक सामाजिक सुरक्षा तंत्र सीमित है। पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और बेरोजगारी सहायता जैसी व्यवस्थाएं पूरी आबादी को नहीं कवर करतीं। ऐसे में व्यक्तिगत और पारिवारिक बचत ही संकट के समय सहारा बनती है। यदि बचत घटती रही, तो आर्थिक झटकों का असर अधिक विनाशकारी होगा। समस्या केवल युवाओं की मानसिकता तक सीमित नहीं है। वित्तीय साक्षरता की कमी भी इसका एक बड़ा कारण है। आज भी बड़ी संख्या में युवा यह नहीं समझ पाते कि बचत और निवेश में अंतर क्या है, महंगाई का असर कैसे पड़ता है, और छोटी-छोटी नियमित बचत किस प्रकार दीर्घकाल में बड़ा संबल बन सकती है। तकनीक का उपयोग यदि उपभोग बढ़ाने में हो रहा है, तो उसी तकनीक का उपयोग बचत और निवेश को सरल और आकर्षक बनाने में भी किया जा सकता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म, माइक्रो-सेविंग्स, स्वचालित निवेश योजनाएं और वित्तीय शिक्षा ऐप्स इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं।

परिवार की भूमिका भी यहां अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों में विवेकपूर्ण खर्च और बचत की आदत बचपन से ही डाली जानी चाहिए। माता-पिता यदि स्वयं संतुलित व्यवहार अपनाएं, तो उसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से अगली पीढ़ी पर पड़ता है। शिक्षा व्यवस्था में भी वित्तीय अनुशासन और आर्थिक साक्षरता को स्थान दिया जाना चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी केवल कमाने पर ही नहीं, संभालने और संजोने पर भी ध्यान दे। यह याद रखना आवश्यक है कि भविष्य की चिंता करना भय नहीं, बल्कि बुद्धिमानी है। बचत का अर्थ जीवन का आनंद त्याग देना नहीं, बल्कि भविष्य के आनंद को सुरक्षित करना है। संतुलित खर्च और नियमित बचत से ही एक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और स्थिर समाज का निर्माण संभव है। भारत यदि आर्थिक महाशक्ति बनने का सपना देख रहा है, तो उसे केवल उपभोग-आधारित विकास से आगे बढ़कर बचत-संवर्धित विकास मॉडल अपनाना होगा। अंततः, बचत और खर्च के बीच संतुलन केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है। आर्थिक अनुशासन अपनाकर ही हम भावी पीढ़ी के लिए मजबूत आधार तैयार कर सकते हैं। उभरती अर्थव्यवस्था की यह जिम्मेदारी है कि वह तात्कालिक उपभोग के आकर्षण से ऊपर उठकर दीर्घकालीन स्थिरता को प्राथमिकता दे। तभी भारत का आर्थिक उत्थान टिकाऊ, समावेशी और सुरक्षित बन सकेगा।

# ऊर्जा से सत्ता तक: रूसी तेल पर अमेरिकी वार और भारत



प्रो. आरके जैन

विश्व राज-नीति के बदलते परिदृश्य में ऊर्जा अब केवल ईंधन नहीं, बल्कि शक्ति, प्रभाव और रणनीति का सबसे बड़ा हथियार बन चुकी है। जब तेल की धाराओं पर राजनीति हावी होती है, तब उसका असर सीधे राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था, जनता की जेब और विदेश नीति की स्वतंत्रता पर पड़ता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी इसी ऊर्जा-राजनीति का सबसे तीखा उदाहरण है। यह धमकी केवल रूस को नहीं, बल्कि भारत जैसे उभरते देशों को भी सीधे चुनौती देती है, जिनकी ऊर्जा सुरक्षा पिछले कुछ वर्षों से रूसी कच्चे तेल पर काफी हद तक निर्भर रही है। यह सवाल अब केवल तेल का नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और वैश्विक मंच पर उसकी निर्णय क्षमता का बन गया है।

ट्रंप की इस घोषणा ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में हलचल मचा दी है। यूक्रेन युद्ध को लगभग चार वर्ष पूरे होने के बाद अमेरिका ने रूस पर दबाव बढ़ाने के लिए नए हथकंडे अपनाए हैं। जनवरी 2026 में ट्रंप ने 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट ऑफ 2025' को समर्थन देकर स्पष्ट संकेत दिया कि जो भी देश रूसी तेल, गैस या यूरेनियम खरीदेगा, उसे भारी आर्थिक कीमत चुकानी पड़ेगी। इस कानून के तहत अमेरिका ऐसे देशों के निर्यात पर 500 प्रतिशत तक द्वितीयक टैरिफ लगा सकता है। भारत, चीन और ब्राजील जैसे बड़े आयातक इस नीति के सीधे निशाने पर हैं। यह कदम युद्ध के मैदान से बाहर आर्थिक मोर्चे पर लड़ा जा रहा एक आक्रामक संघर्ष है।

भारत के लिए यह स्थिति इसलिए अधिक गंभीर है क्योंकि पिछले चार वर्षों में रूसी तेल भारत की ऊर्जा रणनीति का महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है। पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद रूस ने भारी छूट पर कच्चा तेल बेचना शुरू किया, जिससे भारत को महंगे मध्य-पूर्वी तेल पर निर्भरता कम करने का अवसर मिला। 2022 से 2025 के बीच कई महीनों में रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया और कुल आयात में उसकी हिस्सेदारी 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंची। इस सस्ते तेल ने न केवल भारत की रिफाइनरियों को राहत दी, बल्कि घरेलू स्तर पर मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने में भी अहम भूमिका निभाई।

500 प्रतिशत टैरिफ की धमकी वैश्विक व्यापार इतिहास में लगभग अभूतपूर्व है। इतना ऊंचा शुल्क किसी भी देश के लिए अमेरिकी बाजार तक पहुंच को लगभग असंभव बना सकता है। भारत जैसे निर्यात-आधारित अर्थतंत्र के लिए यह बड़ा जोखिम है, क्योंकि अमेरिका भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। पहले ही 2025 में रूसी तेल खरीदने के कारण कुछ भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाए जा चुके हैं। अब अगर यह दर 500 प्रतिशत तक पहुंचती है, तो इसका असर फार्मा, आईटी, टेक्सटाइल और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों पर पड़ सकता है। इस दबाव का उद्देश्य केवल रूस को अलग-थलग करना नहीं, बल्कि भारत जैसे देशों को अमेरिकी ऊर्जा और रणनीतिक ढांचे में मजबूती से बांधना भी है।

भारत की ऊर्जा सुरक्षा इस पूरे घटनाक्रम का सबसे संवेदनशील पहलू है। देश अपनी कुल तेल आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। ऐसे में सस्ते और स्थिर आपूर्तिकर्ता का महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। यदि रूसी तेल की आपूर्ति पूरी तरह बाधित होती है, तो भारत को फिर से महंगे विकल्पों की ओर लौटना पड़ेगा। इससे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है, जिसका सीधा असर आम नागरिक और औद्योगिक उत्पादन पर पड़ेगा। वैश्विक बाजार में आपूर्ति घटने से तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका भी बनी रहेगी, जो विकासशील देशों के लिए दोहरी मार साबित हो सकती है।

हालांकि भारत इस दबाव के सामने निष्क्रिय नहीं है। सरकार और तेल कंपनियों ने समय रहते आपूर्ति के विविधीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अफ्रीकी देशों से तेल आयात बढ़ाया जा रहा है। घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए ओएनजीसी और निजी कंपनियों की परियोजनाओं को गति दी गई है। इसके साथ ही 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य की दिशा में तेजी से काम हो रहा है, ताकि भविष्य में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम की जा सके। यह रणनीति भारत को अल्पकालिक झटकों से उबरने और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने का प्रयास है।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ा प्रश्न भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का है। भारत की विदेश नीति हमेशा संतुलन और बहुपक्षीयता पर आधारित रही है। एक ओर अमेरिका के साथ रक्षा, प्रौद्योगिकी और क्वाड जैसी साझेदारियां हैं, तो दूसरी ओर रूस के साथ दशकों पुराने रणनीतिक और सैन्य संबंध। ट्रंप की नीति भारत को स्पष्ट रूप से एक पक्ष चुनने के लिए दबाव में डालती है। भारत ने हमेशा एकतरफा प्रतिबंधों का विरोध किया है और अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखा है। ऐसे में यह चुनौती भारत की कूटनीतिक परिपक्वता और आत्मविश्वास की भी परीक्षा है।

वैश्विक स्तर पर ट्रंप की इस नीति के प्रभाव दूरगामी हो सकते हैं। रूस की अर्थव्यवस्था को झटका जरूर लगेगा, लेकिन चीन और अन्य देशों के साथ व्यापार जारी रहने से वह पूरी तरह अलग-थलग नहीं होगा। दूसरी ओर, तेल की कीमतों में अस्थिरता वैश्विक आर्थिक विकास को धीमा कर सकती है। अमेरिका खुद को एक प्रमुख ऊर्जा निर्यातक के रूप में स्थापित करना चाहता है, लेकिन इससे उसके सहयोगियों में भी असहजता बढ़ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह धमकी ट्रंप की पुरानी सौदेबाजी शैली का हिस्सा भी हो सकती है, जिसका उद्देश्य अधिकतम दबाव बनाकर बेहतर सौदा हासिल करना है।

अंततः ट्रंप की 500 प्रतिशत टैरिफ की धमकी भारत के लिए एक कठिन लेकिन निर्णायक मोड़ है। यह संकट भारत को अपनी ऊर्जा नीति, आर्थिक रणनीति और विदेश नीति को नए सिरे से परिभाषित करने का अवसर भी देता है। विविधीकरण, घरेलू उत्पादन, नवीकरणीय ऊर्जा और सशक्त कूटनीति के सहारे भारत इस चुनौती को अवसर में बदल सकता है। आज यह स्पष्ट हो चुका है कि ऊर्जा केवल व्यापार नहीं, बल्कि संप्रभुता और शक्ति का प्रश्न है। भारत को इस वैश्विक ऊर्जा खेल में संतुलन, साहस और दूरदर्शिता के साथ आगे बढ़ना होगा, ताकि उसकी ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता दोनों सुरक्षित रह सकें।

## विदेश की खबरें

### क्यूबा के राष्ट्रपति ने ट्रंप की धमकी के बाद अमेरिका के साथ फिलहाल कोई बातचीत न होने की बात कही

**हवाना :** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज़-कैनेल ने सोमवार को कहा कि उनका प्रशासन वर्तमान में अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत नहीं कर रहा है। उनका यह बयान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के मद्देनजर कैरेबियन द्वीप को धमकी देने के एक दिन बाद आया है। ट्रंप द्वारा क्यूबा को 'बहुत देर होने से पहले समझौता कर लेने' की नसीहत के बाद, कैनल ने 'एक्स' पर कई पोस्ट किए। कैनल ने कहा, 'अमेरिका और क्यूबा के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए, उन्हें शत्रुता, धमकियों और आर्थिक दबाव के बजाय अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'हम संप्रभु समानता, पारस्परिक सम्मान, अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों और पारस्परिक लाभ के आधार पर, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किए बिना और हमारी स्वतंत्रता का पूर्ण सम्मान करते हुए, वर्तमान सरकार सहित विभिन्न अमेरिकी सरकारों के साथ एक गंभीर और जिम्मेदार संवाद करने के लिए हमेशा से इच्छुक रहे हैं।' रविवार को ट्रंप ने कहा था कि क्यूबा अब वेनेजुएला से मिलने वाले तेल और धन पर निर्भर नहीं रहेगा, जिस पर अमेरिका ने 3 जनवरी को एक चौंकाने वाले अभियान में हमला किया था और उसमें 32 क्यूबाई अधिकारी मारे गए थे तथा राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार किया गया था।

### भारतवंशी खगोलशास्त्री को ब्रिटेन की रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी का स्वर्ण पदक मिला

**लंदन :** भारतवंशी खगोलशास्त्री प्रोफेसर श्रीनिवास कुलकर्णी को खगोलशास्त्र में उनकी महत्वपूर्ण खोजों के लिए लंदन स्थित 'रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी' (आरएएस) द्वारा प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र में जन्मे कुलकर्णी कैलिफ़ोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (कैलटेक) में खगोलशास्त्र और ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं, जहां उन्होंने 'ब्राउन ड्वार्फ़' और दूरस्थ गामा किरणों के विस्फोट सहित खगोलीय पिंडों की एक विस्तृत श्रृंखला की खोज की है। पिछले सप्ताह उन्हें मिले आरएएस स्वर्ण पदक प्रशस्ति पत्र में ''खगोल भौतिकी में उनके निरंतर, नवोन्मेषी और अभूतपूर्व योगदान'' को मान्यता दी गई है। वर्ष 1824 से हर साल दिया जाने वाला यह सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करके वह स्टीफन हॉकिंग, जोसेलिन बेल बर्नेल, अल्बर्ट आइंस्टीन और एडविन हबल जैसी महान वैज्ञानिक प्रतिभाओं की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। कुलकर्णी ने कहा, यह जानकर मुझे बहुत आश्चर्य हुआ, खासकर पिछले विजेताओं की शानदार सूची को देखते हुए। उन्होंने कहा, मैं अपने दीर्घकालिक सहयोगियों और पालोमर ट्रांजिएंट फैक्टरी और ज़्विकी ट्रांजिएंट प्रतिष्ठान की इंजीनियरिंग टीम और सदस्यों को परियोजनाओं में उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

## वर्ग पहेली नं. 3320

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | |
| | ■ | 15 | 16 | | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | 19 | ■ | | ■ | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| ■ | | ■ | 23 | | ■ | 24 | 25 | ■ | |
| 26 | | 27 | | ■ | 28 | ■ | 29 | | |
| | ■ | | ■ | 30 | | | | ■ | |
| 31 | | | | | | ■ | | ■ | |

*बायें से दायें :-* 2) डोंडी, 4) मेघ, 7) पहरेदार, 9) वात्सल्य, 11) के बिना, 12) गर्भ, 14) तालाब; सिर, 15) भगिनी,17) दिनांक, 18) नस, 20) एक मीठा पदार्थ, 21) कौशल्येय, 23) कूचा, 24) तबाही, 26) वर्षाकाल, 29) एक चिड़िया, 30) आकाश, 31) आचरण.

*ऊपर से नीचे :-* 1) अपराधी, 2) आश्चर्यजनक कार्य, 3) जूँ का अंडा, 4) घोषविक्रय, 5) क्षमता; श्वास, 6) एक तंतु-वाद्य, 8) सवारी, 10) चुटकुलेबाज़, 13) लातों से मारना, 16) हासिल, 19) समयघोष, 22) चहलक़दमी, 25) ओस, 26) बिना, 27) प्रेमी; पति, 28) चने की दाल का आटा, 30) कराह.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | ■ | अ | ल्ला | ह | ■ | ना | रि | य | ल |
| म | ■ | स | ■ | ला | चा | र | ■ | था | ■ |
| च | ह | ल | प | ह | ल | ■ | बा | व | ला |
| म | ल | ■ | ह | ल | ■ | ह | ल | का | ■ |
| ■ | फ़ | स | ल | ■ | आ | या | ■ | श | नि |
| ■ | ना | ■ | बा | प | स | ■ | भैं | ■ | हा |
| स | मा | धा | न | ■ | पा | ■ | स | वा | ल |
| ड़ | ■ | क | ■ | म | स | ला | ■ | जि | ■ |
| क | रो | ड़ | प | ति | ■ | श | र | ब | ती |

## सुडोकू-पहेली-3278

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 8 | | | | 1 | |
| 9 | | | | 6 | | | 5 | |
| | 2 | | | | | | | 3 |
| | | 4 | | 3 | | | | 7 |
| 2 | 5 | 1 | | | 8 | | | 9 |
| | | | | 1 | | | | |
| | | | 3 | 7 | | | 8 | |
| 1 | | | | | 9 | | | |
| | | 6 | | | 2 | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3277 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 6 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 4 | 3 | 7 |
| 7 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 9 | 1 | 5 |

# डिजिटल सम्मेलन में अभिषेक ने 100 दिनों के कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को अपना पहला डिजिटल सम्मेलन 'आमी बांग्लार डिजिटल योद्धा' (मैं बंगाल का डिजिटल योद्धा हूं) आयोजित किया, जिसका लक्ष्य पार्टी की ऑनलाइन पहुंच और इंटरनेट मीडिया तंत्र को मजबूत करना है। सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के खिलाफ सीधी लड़ाई का आह्वान करते हुए अगले 100 दिनों के कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने डिजिटल योद्धाओं को अगले 100 दिनों तक जिम्मेदारी लेने और सरकार के कामों का ब्यौरा जनता के सामने पेश करने का आदेश दिया है। प्रशिक्षण-सह-संवाद कार्यक्रम विश्व बांग्ला मेला प्रांगण में आयोजित किया गया था और इसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों से 10,000 से अधिक डिजिटल स्वयंसेवकों ने भाग लिया। अभिषेक बनर्जी ने कार्यक्रम में डिजिटल स्वयंसेवकों के साथ बातचीत की जो पार्टी की चुनावी तैयारियों के हिस्से के रूप में डिजिटल जुड़ाव पर नेतृत्व के ध्यान को रेखांकित करेंगे। पार्टी नेताओं ने दावा किया है कि इंटरनेट मीडिया विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पता चला है कि महज 24 घंटों में 50,000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है।

**✒ 'ईडी छापा मारने नहीं, बल्कि डाटा चोरी करने गई थी'**

अभिषेक बनर्जी ने आई-पैक के कार्यालय में प्रवर्तन निदेशालय



(ईडी) की छापेमारी को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी वहां किसी जांच के उद्देश्य से नहीं, बल्कि तृणमूल कांग्रेस की अहम जानकारियां और डेटा चुराने के लिए पहुंची थी। अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि ईडी यह कह रही है कि छापेमारी कोयला तस्करी मामले से जुड़ी है, लेकिन यदि मामला इतना ही गंभीर था, तो पिछले तीन वर्षों में एक भी समन क्यों जारी नहीं किया गया। उन्होंने इसे जांच एजेंसियों के राजनीतिक दुरुपयोग का उदाहरण बताया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि आई-पैक के तीन निदेशक हैं, जिनमें एक कर्नाटक, एक दिल्ली और एक कोलकाता में रहते हैं। यदि वास्तव में निष्पक्ष जांच करनी थी, तो केवल कोलकाता स्थित निदेशक के घर और कार्यालय पर ही छापेमारी क्यों की गई? अन्य दो स्थानों को क्यों छोड़ा गया? अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रणनीति, उम्मीदवारों की सूची और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को हासिल करने के लिए ईडी का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने इसे खुलकर 'डेटा चोरी' करार दिया। उन्होंने कहा, आने वाले चुनावों से पहले एक इंच भी जमीन छोड़ी नहीं जा सकती, क्योंकि अगर थोड़ी सी भी जगह भाजपा को मिल गई तो वह जनता को गुमराह कर देगी।

**✒ 'अगर प्याज छोटा हो तो ममता जिम्मेदार'**

इसके साथ ही अभिषेक ने मीडिया को भी कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि पहले मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता था, लेकिन अब वही मीडिया भाजपा के जुलूस में शामिल नजर आता है। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा जो दिखाना चाहती है, मीडिया वही दिखाता है, लेकिन ममता बनर्जी सरकार के विकास कार्यों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जाता है। व्यंग्य करते हुए उन्होंने कहा कि अगर बर्फ पिघलकर पानी बन जाए, आसमान में कोहरा छा जाए, प्याज का आकार छोटा हो तो ममता जिम्मेदार है, अगर अचानक बारिश हो जाए, सर्दी और गर्मी बढ़ जाए तो ममता जिम्मेदार है।

## पीएम मोदी 17 जनवरी को गुवाहाटी-कोलकाता वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 जनवरी को गुवाहाटी और कोलकाता के बीच चलने वाली पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे जिससे उत्तरी बंगाल क्षेत्र में 'कनेक्टिविटी' को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इसी पृष्ठभूमि में पश्चिम बंगाल, विशेष रूप से उत्तरी बंगाल को 17 जनवरी से कोलकाता और कामाख्या के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेवा शुरू होने से बड़ा प्रोत्साहन मिलने वाला है। राज्यसभा सदस्य भट्टाचार्य ने बताया कि प्रधानमंत्री 17 जनवरी को मालदा और कामाख्या के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे तथा उसी दिन एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह नया रेल लिंक दक्षिण बंगाल और उत्तर बंगाल के प्रमुख शहरों जैसे बालुरघाट, रायगंज, अलीपुरद्वार एवं मालदा के बीच सीधा संपर्क स्थापित करेगा।

## एसआईआर : टीएमसी सांसदों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**नई दिल्ली/कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 12 जनवरी को चुनाव आयोग से उन नई अंतरिम याचिकाओं पर जवाब मांगा है, जो तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसदों द्वारा दायर की गई हैं। इन याचिकाओं में राज्य में मतदाता सूचियों के 'विशेष गहन संशोधन' (एसआईआर) में मनमानी और प्रक्रियात्मक अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। यह मामला भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची की पीठ के समक्ष आया। अदालत ने सांसद डेरेक ओ'ब्रायन और डोला सेन द्वारा दायर आवेदनों पर संज्ञान लिया। डेरेक ओ'ब्रायन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने पीठ के सामने तर्क दिया कि चुनाव आयोग द्वारा 'विशेष गहन संशोधन' से संबंधित निर्देश व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसकी वजह से बूथ स्तर के अधिकारी बिना किसी औपचारिक या आधिकारिक आदेश के कार्रवाई कर रहे हैं। वरिष्ठ वकील ने यह भी कहा कि चुनाव पैनल ने मतदाताओं की एक नई श्रेणी 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' (तार्किक विसंगति) पेश की है। इसके तहत, जिन मतदाताओं के विवरण में कोई त्रुटि या विसंगति पाई जाती है, उन्हें उनकी पात्रता की अर्ध-न्यायिक सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया जा सकता है। चुनाव आयोग का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने इन याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने चुनाव आयोग को दोनों टीएमसी सांसदों की याचिकाओं पर एक साझा जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। इस मामले में अगली सुनवाई 19 जनवरी को होगी।

## न्यायमूर्ति सुजय पाल बने कलकत्ता हाई कोर्ट के स्थाई मुख्य न्यायाधीश



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय को नया मुख्य न्यायाधीश मिल गया है। न्यायमूर्ति सुजय पाल को उच्च न्यायालय का प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे लंबे समय से कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे थे। 9 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक में उनके नाम की सिफारिश को मंजूरी दी गई थी। उल्लेखनीय है कि, कलकत्ता उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश टी. शिवगणनम सितंबर, 2025 में सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद, न्यायमूर्ति सौमेन सेन को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था। बाद में, न्यायमूर्ति सेन के नाम की सिफारिश मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद के लिए होने के बाद वे वहां कार्यभार संभालने चले गए। इसके पश्चात, न्यायमूर्ति सुजय पाल को कलकत्ता उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। अब उन्हें पूर्णकालिक मुख्य न्यायाधीश के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## ममता ने चुनाव आयोग को पांचवीं बार लिखा पत्र, वोटरों को प्रताड़ित करने और नियमों की अनदेखी का लगाया आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची के एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित डिजिटलीकरण में हुई त्रुटियों के कारण विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान वास्तविक मतदाताओं को व्यापक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एसआईआर की शुरुआत के बाद से मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखे गए अपने पांचवें पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2002 की मतदाता सूची को एआई उपकरणों की मदद से डिजिटाइज करते समय मतदाता विवरण में गंभीर गलतियां हुईं। इसके चलते बड़े पैमाने पर डेटा में असंगतियां पैदा हुईं और अनेक वास्तविक मतदाताओं को गलत तरीके से 'तार्किक विसंगतियों' वाला मतदाता करार दे दिया गया। मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग पर पिछले दो दशकों से अपनाई जा रही अपनी ही वैधानिक प्रक्रियाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के विवरण पहले अर्ध-न्यायिक सुनवाइयों के बाद संशोधित किए गए थे, उन्हें अब दोबारा अपनी पहचान साबित करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से चले आ रहे अपने ही कार्यों और तंत्र को नकारना मनमाना, अतार्किक और भारत के संविधान की भावना एवं प्रावधानों के विपरीत है। उन्होंने यह भी दावा किया कि एसआईआर के दौरान जमा किए जा रहे दस्तावेजों के लिए कोई समुचित रसीद या पावती नहीं दी जा रही है, जिससे पूरी प्रक्रिया मूल रूप से त्रुटिपूर्ण बन गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर की सुनवाई प्रक्रिया अब काफी हद तक यांत्रिक हो चुकी है, जो पूरी तरह तकनीकी आंकड़ों पर आधारित है और इसमें विवेक, संवेदनशीलता तथा मानवीय दृष्टिकोण का पूरी तरह अभाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की प्रक्रिया हमारे लोकतंत्र और संवैधानिक ढांचे की बुनियाद को कमजोर करती है।



मकर संक्रांति के मौंके मोक्ष की डूबकी लगाने के लिए रोजाना भारी संख्या में तीर्थयात्रियों का जत्था गंगासागर पहुंच रहे।

## प्रतीक जैन मामले में कोलकाता पुलिस ने पड़ोसियों को बनाया गवाह, पूछताछ के लिए तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के डायरेक्टर प्रतीक जैन के पड़ोसियों को 8 जनवरी को मध्य कोलकाता के लाउडन स्ट्रीट स्थित जैन के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी और तलाशी अभियान के खिलाफ जांच में गवाह बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि शहर की पुलिस की जांच टीम ने पहले ही कुछ पड़ोसियों को उनके अनुभवों के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया है। पता चला है कि पुलिस ने ईडी की छापेमारी के संबंध में पूछताछ के लिए उस अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स के निवासियों को बुलाया है। बताया जा रहा है कि लाउडन स्ट्रीट पर प्रतीक के अपार्टमेंट के निवासियों के साथ-साथ उनके पड़ोसियों को भी नोटिस भेजे गए हैं। समझा जाता है कि उन्हें ईडी की छापेमारी शुरू होने के बाद से उन्होंने जो कुछ भी सुना और तलाशी के दौरान अधिकारियों की गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के लिए बुलाया गया है। पुलिस उस दिन के अपने निष्कर्षों की पुष्टि करने के लिए पड़ोसियों से घटना का विवरण भी चाहती है। उस अपार्टमेंट के निवासियों और पड़ोसियों को तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी द्वारा दायर मामले और पुलिस द्वारा दायर स्वतः संज्ञान मामले दोनों के संबंध में बुलाया गया है।

## एसआईआर : शमी के बाद लक्ष्मीरतन शुक्ला को सुनवाई के लिए नोटिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व भारतीय क्रिकेटर व बंगाल टीम के कोच लक्ष्मीरतन शुक्ला को एसआईआर हियरिंग के लिए बुलाया गया है। उन्हें इसलिए बुलाया गया क्योंकि उनके पिता का नाम 2002 में मतदाता सूची में नहीं था। उन्हें गत 7 जनवरी को बुलाया गया था। लेकिन, उस समय वे राज्य से बाहर थे क्योंकि बंगाल टीम खेल रही थी। उनकी बीएलओ, एईआरओ से पहले ही बात हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वे कोलकाता आकर हियरिंग में पेश होंगे। सूत्रों के मुताबिक, हालांकि, वे उत्तर हावड़ा के हिंदी हाई स्कूल इलाके में मतदाता के तौर पर पंजीकृत होने के बवाजूद 2002 की मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है। उनका नाम सूची में न होने की वजह से उन्हें एसआईआर हियरिंग के लिए बुलाया गया है। वहीं, उनके पिता उमेश शुक्ला का नाम सूची में नहीं मिला। लक्ष्मीरतन शुक्ला को मंगलवार या बुधवार को एसआईआर हियरिंग में पेश होने के लिए कहा गया है। इस बारे में, बंगाल टीम के मौजूदा कोच ने कहा कि वे तय दिन हियरिंग में पेश होंगे और जरूरी दस्तावेज जमा करेंगे।

### एसआईआर के नाम पर खिलाड़ियों का 'अपमान', भवानीपुर में पूर्व खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन

एसआईआर के नाम पर खिलाड़ियों को 'अपमान' किया जा रहा है। देश का प्रतिनिधित्व करने वाले क्रिकेटर और फुटबॉलर को बेवजह बुलाया जा रहा है। इसी आरोप पर, पूर्व खिलाड़ी स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विरोध करने के लिए सड़कों पर उतर आए। भवानीपुर क्लब के सामने एक विरोध कार्यक्रम रखा गया। आने वाले दिनों में पूर्व खिलाड़ियों की ओर से चुनाव आयोग को एक चिट्ठी भी भेजी जाएगी। कार्यक्रम में पूर्व फुटबॉलर दीपेंदु बिस्वास, आलोक मुखर्जी, मानस भट्टाचार्य और मैदान के कई खिलाड़ी मौजूद थे। बता दें कि भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी, पूर्व क्रिकेटर लक्ष्मीरतन शुक्ला को सुनवाई में बुलाया गया है। इसके साथ ही पूर्व फुटबॉलर मेहताब हुसैन, कॉम्पटन दत्त, आलोक मुखर्जी को भी बुलाया गया है। क्या देश का प्रतिनिधित्व करने वालों या अभी भी रिप्रेजेंट करने वालों को भी यह साबित करना होगा कि वे वैध मतदाता हैं? खिलाड़ी एसआईआर के नाम पर इस 'बेइज्जती' का विरोध कर रहे हैं। उनके विरोध कार्यक्रम की शुरुआत कोलकाता के भवानीपुर क्लब के सामने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माला चढ़ाकर हुई। अलग-अलग फील्ड के करीब 150 एथलीट विरोध में शामिल हुए।

## बीएलओ की आत्महत्या पर मुआवजे की मांग, सीईओ ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर पहले से ही राजनीतिक तनाव बना हुआ है। इसी बीच, मुर्शिदाबाद में एक बीएलओ की आत्महत्या के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। मृत बीएलओ के परिवार को मुआवजा देने की मांग को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में बीएलओ ने सीईओ ऑफिस के बाहर जमा हो गए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के कारण दोपहर को सीईओ ऑफिस के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रदर्शन कर रहे बीएलओ का कहना था कि उनके साथी की मौत के 50 दिन बाद भी सरकार या चुनाव आयोग की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उनका आरोप



है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान काम का दबाव बहुत ज्यादा है और प्रशासन उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है। वहीं, प्रदर्शन के दौरान एक बीएलओ काफी भावुक हो गया और उसने मीडिया के सामने आत्महत्या की धमकी तक दे डाली। हालांकि, मौके पर पुलिस मौजूद रही और स्थिति को संभाला।

# गंगासागर मेला : सुरक्षा के लिए 18 फायर स्टेशन, 16 बफर जोन में अस्थायी व्यवस्था

**✒ बीमार श्रद्धालुओं के लिए एयर एंबुलेंस के साथ-साथ वाटर एंबुलेंस की भी व्यवस्था**

**सागर, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने गंगासागर मेला के आयोजन को लेकर सुरक्षा और आपात स्थिति से निपटने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। सोमवार को राज्य के मंत्री सुजीत बोस ने बताया कि मेले के दौरान आग और अन्य आपात स्थितियों को नियंत्रित करने के लिए कुल 18 फायर स्टेशन लगाए गए हैं। इनमें से 11 फायर स्टेशन मेला ग्राउंड के भीतर और 7 फायर स्टेशन मेला ग्राउंड के बाहर स्थित हैं। मंत्री सुजीत बोस ने कहा कि आग जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा की व्यवस्था भी की



गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 16 बफर जोन में अस्थायी फायर स्टेशन तैनात किए गए हैं, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद मिल सके। गंगासागर मेला हर साल लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है, इसलिए सुरक्षा, अग्निशमन और आपात राहत को प्राथमिकता दी गई है। मंत्री ने बताया कि फायर स्टेशन के साथ-साथ आपातकालीन टीमों, मेडिकल स्टाफ और सुरक्षा बलों की भी पर्याप्त संख्या मेले में तैनात की गई है। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में भीड़ प्रबंधन और आग सुरक्षा के लिए नवीनतम तकनीक और उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। इसके तहत फायर ब्रिगेड टीमों को पहले से ही प्रशिक्षित किया गया है और सभी फायर स्टेशन आपातकालीन कॉल सेंटर से जुड़े हुए हैं, ताकि तुरंत कार्रवाई की जा सके। सुजीत बोस ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और आपात स्थिति में फायर स्टेशनों और सुरक्षा कर्मचारियों के निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्राथमिक उद्देश्य है कि मेले में आने वाले हर व्यक्ति का अनुभव सुरक्षित और सुखद रहे। इस तरह के व्यापक प्रबंधों के जरिए सरकार गंगासागर मेला 2026 को सुरक्षित, व्यवस्थित और संरक्षित बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि गंगासागर में गंभीर रूप से बीमार तीर्थयात्रियों को कोलकाता भेजने के लिए एक एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही वाटर एंबुलेंस भी है।

### बीमार 2 तीर्थयात्रियों को गंगासागर से एयर लिफ्ट कर कोलकाता भेजा गया



गंगासागर मेला क्षेत्र से 2 तीर्थयात्रियों को एयरलिफ्ट कर कोलकाता भेजा गया. दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन ने यह जानकारी दी है। बीमार तीर्थयात्रियों में एक उत्तर प्रदेश के और दूसरे हरियाणा का निवासी हैं। बताया गया है कि रविवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी संतलाल (64) बेहोशी की हालत में गंगासागर मेला प्रांगण में मिले थे। प्राथमिक चिकित्सा के दौरान पता चला कि संतलाल उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे। इसके बाद, यहां चिकित्सकों की सलाह पर संतलाल को एयर एंबुलेंस से कोलकाता भेजा गया। संतलाल को इलाज के लिए टॉलीगंज स्थित एमआर बंगुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को एक और बीमारी तीर्थयात्री को एयरलिफ्ट किया गया है। इस बीमार महिला तीर्थयात्री का नाम बिमला देवी (77) है। वह हरियाणा के झज्जर जिले के किलोद पन्ना मेहराना की निवासी हैं। महिला की टखने को पैर की उंगलियों से जोड़ने वाली हड्डी टूट गयी है। जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी के सुझाव पर उन्हें भी एमआर बांगुर अस्पताल में रेफर किया गया है। परिवहन मंत्री ने बताया कि जिन 2 बीमारी तीर्थयात्रियों को कोलकाता भेजा गया है, उनकी हालत फिलहाल स्थिर है।

**Name Change**

I, NAZMA & NAJMA(OLD NAME), WIFE OF NEHRU KHAN, RESIDING AT CHAK ALAMPUR, PO-ALAMPUR PS-NODAKHALI, SOUTH 24 PARGANAS-743318, WEST BENGAL, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS NAZMA BIBI(NEW NAME) VIDE AN AFFIDAVIT SWORN BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 08/01/2026. NAZMA & NAJMA(OLD NAMES) AND NAZMA BIBI(NEW NAME) BOTH ARE THE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

**Name Change**

I, Pushpa Prasad & Pushpa Kesri (old names) wife of Subhash Prasad, residing at Vill- Uttar Athiabari, P.O.- Barpeta Road, Dist.- Barpeta, Pin- 781315, Assam, India, have changed my name and shall henceforth be known as Pushpa Devi (new name), as declared Before The The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit dated 09/01/2026. Pushpa Devi (new name) and Pushpa Prasad & Pushpa Kesri (old names) all are same and one identical person.

Office of the
**DESHAPRAN PANCHAYAT SAMITY**
Sofiabad : Purba Medinipur
**Notice Inviting e-Tender**
Notice Inviting e-Tender through **www.wbtenders.gov.in** for 1 no. of constru-ction work of SE dept. under Deshapran Panchayat Samity.
Online tender Id-
**2026_ZPHD_ 984118_1,**
Last date of BID Submission-
**20-Jan-2026 11:00 AM**
Sd/-
Executive Officer
Deshapran Panchayat Samity

**सरस्वती पूजा के अवसर पर कोलकाता और हावड़ा क्षेत्र में कम्प्यूटरीकृत आरक्षण कार्यालयों का कामकाजी समय**

कोलकाता एवं हावड़ा क्षेत्र में सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण कार्यालय **"सरस्वती पूजा"** के अवसर पर **दिनांक 23.01.2026 (शुक्रवार)** को केवल पहली पाली में अर्थात **सुबह 08.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक** कार्य करेंगे एवं दूसरी पाली में अर्थात दोपहर 02.00 बजे से रात 08.00 बजे तक बंद रहेंगे। तथापि, हावड़ा, सियालदह एवं कोलकाता टर्मिनल के मौजूदा बुकिंग काउंटर नियमित रूप से कार्य करेंगे।
**मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/पीएस एवं पीएम**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**अलीपुरद्वार मंडल में ए/सी प्रतीक्षालय के उन्नयन, मानव नियुक्ति तथा रखरखाव के लिए ई-नीलाम**

अलीपुरद्वार मंडल में ए/सी प्रतीक्षालय के उन्नयन, मानव नियुक्ति तथा रखरखाव के लिए ई-नीलाम। रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क। ट्रिप्स/दिनः 1826।

ऑक्सन कैटलॉग संख्या. C-AP-ACWTNG-NCB

| एसईक्यू संख्या | एलओटी संख्या/श्रेणी | विवरण |
|---|---|---|
| एए/1 | पीएनयू-एपीडीजे-एनसीबी-डब्ल्यूआरएल-37-26-1 (पे एंड यूज-लाउंजेस/वेटिंग/रिटायरिंग/क्लोक रूमस) | ए/सी प्रतीक्षालय के उन्नयन, मानव नियुक्ति तथा रखरखाव |

**नीलाम प्रारंभ होने की तारीख एवं समयः** 17-01-2026 तारीख के 13.00 घंटे में एवं **बंद होने का समयः** 13.30 घंटे में। प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड 30 मिनट। लॉट अनुसार बंद होने का समय आईआरईपीएस के ई-ऑक्सन मॉड्यूल में अवलोकन कर सकते हैं।
नोटः विस्तृत जानकारी के लिए प्रत्याशित बोलीदाताओं को आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in में ई-नीलाम लीजिंग मॉड्यूल अवलोकन करने की सलाह दी जाती हैं।
**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, अलीपुरद्वार जंक्शन**
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
"मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में"

**सियालदह मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर स्टॉल/आउटलेट**
**'एक स्टेशन एक प्रोडक्ट' योजना के अधीन**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के द्वारा सियालदह मंडल के तहत 109 स्टेशनों पर **"एक स्टेशन एक प्रोडक्ट" योजना** में भागीदारी के लिए देशी उत्पादों से जुड़े व्यक्तियों, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स (एसएचजी), हाशिए पर रहने वाले या समाज के कमजोर वर्गों आदि से मुहरबंद पैकेट (एकल) में और निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **योजना की मुख्य विशेषताएँः-(1) परियोजना की अवधिः** ताहेरपुर, शासनरोड -30 दिन दिनांक 28.01.2026 से शुरू। धुबुलिया, बानपुर, गोचरण, जगद्दल, टीटागढ़, काशीनगर हाल्ट, इच्छापुर - 30 दिन दिनांक 30.01.2026 से शुरू। संतोषपुर, आकड़ा, कोमागाटा मारू बजबज, अगरपाड़ा, दक्षिण दुर्गापुर -30 दिन दिनांक 31.01.2026 से शुरू। हासनाबाद, सुभाषग्राम -30 दिन दिनांक 02.02.2026 से शुरू। नेतड़ा, चाम्पाहाटी, घुटियारी शरीफ, मगराहाट, सोण्डालिया, मथुरापुर रोड-30 दिन दिनांक 04.02.2026 से शुरू। बनगांव जं., दत्तपुकुर, दक्षिणेश्वर-30 दिन दिनांक 05.02.2026 से शुरू। मालतीपुर, भासिला-30 दिन दिनांक 06.02.2026 से शुरू। बहारु, बशीरहाट, कल्याणी शिल्पांचल, मदनपुर, काकद्वीप, हृदयपुर-30 दिन दिनांक 07.02.2026 से शुरू। कल्याणपुर, होटोर, दक्षिण बारासात - 30 दिन दिनांक 08.02.2026 से शुरू। चंपापुकुर, कल्याणी सीमांत - 30 दिन दिनांक 10.02.2026 से शुरू। माझेरग्राम, बाली घाट, कासिमबाजार, लालगोला-30 दिन दिनांक 11.02.2026 से शुरू। ईडेन गार्डेन, गंगनापुर, बागबाजार, पगलाचंडी, गेदे, कालीनारायणपुर जं., हबीबपुर - 30 दिन दिनांक 12.02.2026 से शुरू। प्रिंसेपघाट, बिद्याधरपुर, पियाली-30 दिन दिनांक 13.02.2026 से शुरू। भगवानगोला, मुड़ागाछा, बेलडांगा, बेथुआडहरी, देबग्राम, रेजिनगर, पलासी, माझदिया, बगुला, कांकिनाड़ा. चाँदपाड़ा, पायराडांगा-30 दिन दिनांक 14.02.2026 से शुरू। बड़ा बाजार, पातिपुकुर, बसुलडांगा, धपधपी, पालपाड़ा, सूर्ज्यपुर - 30 दिन दिनांक 15.02.2026 से शुरू। शांतिपुर, गुमा, बामनगाछी- 30 दिन दिनांक 16.02.2026 से शुरू। बादकुल्ला, कालिकापुर-30 दिन दिनांक 17.02.2026 से शुरू। गोबरडांगा, ठाकुरनगर, अशोकनगर रोड, न्यू बैरकपुर, दुर्गानगर, बिशरपाड़ा कोदालिया, बीरा, हाबरा-30 दिन दिनांक 19.02.2026 से शुरू। जियागंज, आंड़घाटा-30 दिन दिनांक 21.02.2026 से शुरू। कृष्णपुर, मुर्शिदाबाद, बहरमपुर कोर्ट, फुलिया, कल्याणी घोषपाड़ा, देउला, धामुया, डायमंड हार्बर, संग्रामपुर, कैनिंग, हाड़ोया रोड, चकदह, मध्यमग्राम, नामखाना - 30 दिन दिनांक 22.02.2026 से शुरू। गोपालनगर, बिनय बादल दिनश बाग, टाकी रोड- 30 दिन दिनांक 25.02.2026 से शुरू। टाला, बड़ानगर, तालदी, बीरनगर, बालीगंज, जयनगर मजिलपुर, पलता- 30 दिन दिनांक 26.02.2026 से शुरू। **(2) टोकन पंजीकरण शुल्कः** प्रत्येक स्टॉल हेतु 30 दिनों की आवंटन अवधि के लिए जीएसटी सहित रु.2,000/-मात्र। **(3) आधारभूत संरचनाः** (i) स्टॉल/आउटलेट रेलवे द्वारा प्रदान किए जाएंगे। (ii) 15 दिनों के एक चरण के लिए प्रति एक स्टेशन एक प्रोडक्ट आउटलेट हेतु अधिकतम 20 यूनिट बिजली की स्वीकृति पंजीकरण शुल्क में नियमों के अंतर्गत शामिल बुनियादी सुविधा के रूप में दी जाएगी। 20 यूनिट की सीमा से अधिक के बिजली खर्च पर, अतिरिक्त यूनिटों के लिए, वास्तविक आधार पर प्रयोज्य शुल्क लागू रहेगा। **(4) आवेदन जमा किया जानाः** दिनांक 28.01.2026 को 15.00 बजे के अंदर।
**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम कार्यालय, कक्ष सं. 44, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014** को संबोधित करते हुए कागजात की प्रतिलिपि (जैसा कि ऊपर पात्रता मानदंड में उल्लिखित है) के साथ संगठन के लेटरहेड/सादे सफेद कागज की शीट में आवेदन संबंधित स्टेशनों के स्टेशन मास्टर/स्टेशन प्रबंधक/बुकिंग सुपरवाइजर के कार्यालय में निर्धारित स्थान पर मुहरबंद लिफाफे में जमा किया जाएगा। **एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में:** दिनांक 28.01.2026 को 16.00 बजे ऊपर उल्लिखित स्थान पर खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ निकाला जाएगा। चिह्नित उत्पादों सहित स्टेशनों के नाम, भागीदारी के लिए पात्रता मानदंड, समर्थित कागजात और ईओआई कागजातों के साथ विस्तृत नियम और शर्तों को आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है और इन्हें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के कार्यालय में सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।
**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# एसआईआर के कथित आतंक से बादुरिया में बुजुर्ग महिला की मौत

## कालियागंज में सुनवाई के लिए समन मिलने पर अधेड़ व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**कोलकाता/उत्तर दिनाजपुर :** एसआईआर की घबराहट से कथित तौर पर राज्य में दो और मौत हो गई। पहली घटना उत्तर 24 परगना के बशीरहाट के बादुरिया में हुई। यहां सोमवार की सुबह एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। परिवार का दावा है कि एसआईआर की सुनवाई में जाने के बाद से ही बुजुर्ग महिला को जेल जाने का डर सता रहा था। बहुत ज़्यादा चिंता की वजह से उनकी मौत हो गई। परिवार के सूत्रों के मुताबिक, मृतका की पहचान अनीता बिस्वास के रूप में की गई है। उनके बेटे काशीनाथ बिस्वास ने कहा कि हालांकि, उनकी मां का नाम 1995 की मतदाता सूची में था, लेकिन पता नहीं क्यों 2002 की सूची में उनका नाम नहीं था। ज़ाहिर है, उन्हें एसआईआर की सुनवाई के लिए बुलाया गया था। अनीता बिस्वास और उनका परिवार गत 5 जनवरी को सुनवाई के लिए पेश हुआ था। आरोप है कि उस दिन जरूरी दस्तावेज जमा करने के बावजूद अधिकारियों ने कोई साफ जवाब या भरोसा नहीं दिया। काशीनाथ बिस्वास ने कहा कि सुनवाई के बाद से ही उनकी मां अवसाद में थीं। वह कहती रहती थीं कि अगर बुढ़ापे में उन्हें जेल जाना पड़ा तो! फिर गत 7 जनवरी को अनीता देवी को स्ट्रोक आया। उन्हें तुरंत बशीरहाट जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ



दिनों के इलाज के बाद रविवार की देर रात बुज़ुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका के परिवार वालों ने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

दूसरी घटना, उत्तर दिनाजपुर के कालियागंज में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान लक्ष्मीकांत रॉय (50) के रूप में की गई है। पता चला है कि सोमवार की दोपहर चलते समय वह सड़क पर गिर गया। उसकी तुरंत मौत हो गई। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि सुनवाई का नोटिस मिलने के बाद से वह बहुत घबराया हुआ था। डर और दहशत के कारण, उसने पिछले कुछ दिनों से काम करना बंद कर दिया था और लगभग हर समय अपने घर में ही दुबका रहता था। चूंकि, उसका नाम 2002 की मतदाता सूची में नहीं था, इसलिए उसे 19 जनवरी को अपनी पत्नी और बेटे के साथ बीडीओ ऑफिस में सुनवाई में शामिल होना था। लेकिन, उससे पहले ही सोमवार की दोपहर को उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि इस दिन, दोपहर में वह अपने घर से मार्केट के लिए निकला था। लेकिन, वह अचानक धनकैलाया बाज़ार के बीच में बेहोश हो गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसे जल्दी से कालियागंज स्टेट जनरल हॉस्पिटल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार के सूत्रों के मुताबिक, मृतक लक्ष्मीकांत रॉय पेशे से दिहाड़ी मज़दूर है। वह कालियागंज के बोचाडांगा के चंदाल का रहने वाला है।

# मुख्यमंत्री कर रहीं भतीजे को बचाने की कोशिश : अधीर चौधरी

**मुर्शिदाबाद :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि ममता अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को कोयला घोटाले की जांच में बचाने के लिए मदद कर रही हैं। इस दौरान, कांग्रेस नेता अधीर चौधरी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि एजेंसी की जांच में देरी हो रही है और वह निष्क्रिय होकर कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि मुझे यह जानना है कि ममता बनर्जी उस व्यक्ति के घर क्यों दौड़ीं, जो एक निजी एजेंसी का प्रमुख है। उनका असली मकसद 'खोकाबाबू' अभिषेक बनर्जी को बचाना है, जो कोयला घोटाले में फंसे हैं। चौधरी ने इस बात पर भी जोर दिया कि ईडी ने दिल्ली में अभिषेक से कई घंटे पूछताछ की थी, लेकिन उसके बाद एजेंसी ने कुछ किया नहीं। यह पूरी जांच में बहुत धीमी है। चौधरी ने यह भी कहा कि ममता बनर्जी ने अपने कई नेताओं जैसे पार्थ चटर्जी और सुब्रत मुखर्जी के गिरफ्तारी पर मदद नहीं की, लेकिन अब अपने भतीजे की सुरक्षा के लिए इतनी जल्दी दिख रही हैं। यह दिखाता है कि अभिषेक बनर्जी मुश्किल में हैं। इसके अलावा, कांग्रेस नेता ने ममता बनर्जी पर राज्य में विशेष मतदान सूची सुधार (एसआईआर) को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले ममता ने एसआईआर को रोकने की बात कही थी, लेकिन अब उनकी सरकार केंद्र के साथ सहयोग करने का दावा कर रही है। चौधरी ने कहा कि लगभग 80 लाख कर्मचारी इस काम में लगाए गए हैं, लेकिन प्रक्रिया के आखिरी चरण में मुख्यमंत्री मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) को पत्र लिख रही हैं। इसके साथ ही कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने राज्य सरकार पर जनता की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एसआईआर की वजह से कई लोगों को कठिनाई हो रही है। सरकार ने न तो गलतियों को ठीक किया और न ही यह सुनिश्चित किया कि सभी वोटर सूची में हैं। चौधरी ने अंत में कहा कि वे कुछ नहीं कर रहे हैं।







धनबाद के सांसद ढुलू महतो का आगमन मध्य कलकत्ता साहू समाज के सेवा शिविर में हुआ एवं संस्था के कोषाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता एवं अन्य सदस्यगण उनका स्वागत करते हुए।

# शौर्य कान्क्लेव के जरिए सेना और मीडिया के संबंधों में प्रगाढ़ता लाने पर जोर

**✒ सशस्त्र बलों के अधिकारियों और मीडिया प्रतिनिधियों ने एक मंच पर एकत्र होकर साझा किए विचार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने सेना और मीडिया के संबंधों में प्रगाढ़ता लाने के उद्देश्य से 10 जनवरी को कोलकाता स्थित अपने विजय दुर्ग मुख्यालय में शौर्य कान्क्लेव का आयोजन किया। इसमें भारतीय सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों, मीडिया जगत के अनुभवी पत्रकारों, जाने-माने विद्वानों और रणनीतिक संचार विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्रित हुए और समकालीन सुरक्षा को आकार देने वाले सूचना माहौल और भविष्य को ध्यान में रखते हुए खुलकर बातचीत की। मेजर जनरल अजय कुमार दास (सेवानिवृत्त), पीआइबी के पूर्व प्रधान महानिदेशक सितांशु कर, सेना के अनुभवी पूर्व




जनसंपर्क अधिकारी कर्नल राजेश कालिया (सेवानिवृत्त), ब्रिगेडियर अनुरंजन श्रीवास्तव, सुमित गुप्ता दास, डा मौमिता दे दास एवं पार्थ प्रतिम मुखर्जी सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। अनुभवी वक्ताओं ने एडैप्टिव स्ट्रैटेजिक कम्युनिकेशन और विकसित होते काग्निटिव डोमेन पर अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। समापन संबोधन में पूर्वी कमान मुख्यालय में चीफ आफ स्टाफ (सीओएस) लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने सेना एवं मीडिया के संबंधो में और प्रगाढता लाने तथा युद्ध के सभी आयामों में आने वाली चुनौतियों से निपटने हेतु पूर्वी कमान की प्रतिबद्धता को दोहराया।सुबह से लेकर शाम तक चले इस एक दिवसीय कान्क्लेव में जाने-माने वक्ताओं ने बड़ी संख्या में मौजूद पत्रकारों को आपरेशनल अनुभव, अकादमिक गहराई, रक्षा संबंधी खबरों की रिपोर्टिंग में बरती जाने वाली सावधानियों, झूठी खबरों से दूर रहने और खबरों को प्रकाशित करने से पहले तथ्यों की जांच करने पर जोर देते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी। पूर्वी कमान मुख्यालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय सेना मीडिया के साथ पारदर्शी, समय पर और विश्वसनीय जुड़ाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है, जो सैनिक और नागरिक के बीच एक पुल के रूप में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानती है।

# हावड़ा-आनंद विहार को जोड़ने वाली अमृत भारत स्लीपर ट्रेन का निरीक्षण

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा सोमवार को लिलुआ सॉर्टिंग यार्ड में प्रस्तावित अमृत भारत स्लीपर ट्रेन रैक का निरीक्षण किया गया। यह ट्रेन हावड़ा और आनंद विहार के बीच चलाने की योजना है। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं, डिजाइन और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर किए गए सुधारों की जानकारी दी। निरीक्षण के समय ट्रेन के कोचों में बेहतर स्लीपर व्यवस्था, आरामदायक सीटें, आधुनिक इंटीरियर और लंबी दूरी की रात्री यात्रा को सुगम बनाने वाली सुविधाओं को प्रदर्शित किया गया। अमृत भारत स्लीपर ट्रेन का उद्देश्य यात्रियों को किफायती दरों पर अधिक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, जनसंपर्क विभाग के प्रतिनिधि एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। मीडिया से बातचीत में कहा कि यह ट्रेन भारतीय रेल द्वारा यात्री सुविधाओं में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे लंबी दूरी की यात्रा और अधिक सुविधाजनक होगी। पूर्व रेलवे द्वारा जल्द ही इस ट्रेन के संचालन से जुड़ी विस्तृत जानकारी जारी किए जाने की संभावना है।

# सैमसंग और नेटफ्लिक्स ने गैलेक्सी यूजर्स के लिए पेश की एक्सक्लूसिव 'स्ट्रेंजर थिंग्स' थीम

**कोलकाता, समाज्ञा :** लोकप्रिय वेब सीरीज स्ट्रेंजर थिंग्स के अंतिम सीजन के मौके पर सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और नेटफ्लिक्स ने गैलेक्सी यूजर्स के लिए एक खास तोहफा पेश किया है। 12 जनवरी से दुनिया के 186 देशों में सैमसंग गैलेक्सी यूजर्स गैलेक्सी स्टोर से स्ट्रेंजर थिंग्स की एक्सक्लूसिव थीम और वॉलपेपर्स मुफ्त में डाउनलोड कर सकते हैं। यह ऑफर सीमित समय के लिए उपलब्ध है। इस कलेक्शन में एक विशेष थीम और पांच वॉलपेपर्स शामिल हैं, जो शो के प्रसिद्ध किरदारों और हॉकिन्स व अपसाइड डाउन जैसी सेटिंग्स से प्रेरित हैं। यह कंटेंट 12 जनवरी से 22 फरवरी तक उपलब्ध रहेगा। इसका लाभ उठाने के लिए यूजर्स को अपने फोन में नेटफ्लिक्स ऐप इंस्टॉल या ओपन करना होगा। गौरतलब है कि 2016 में शुरू हुई स्ट्रेंजर थिंग्स नेटफ्लिक्स की सबसे सफल सीरीज में शामिल रही है। सैमसंग और नेटफ्लिक्स की यह साझेदारी पहले भी कई लोकप्रिय शोज और फिल्मों के लिए एक्सक्लूसिव डिजिटल कंटेंट पेश कर चुकी है।

# नियोलाइट जेडकेडब्ल्यू लाइटिंग्स ने 600 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी किया दाखिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑटोमोटिव लाइटिंग उत्पादों की अग्रणी निर्माता और वैश्विक आपूर्तिकर्ता नियोलाइट जेडकेडब्ल्यू लाइटिंग्स लिमिटेड ने 600 करोड़ रुपये के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। क्रिसिल के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में कंपनी की कमर्शियल व्हीकल लाइटिंग सेगमेंट में 34.43 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रही है। आईपीओ में 400 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 200 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल शामिल है, जिसमें प्रमोटर और मौजूदा शेयरधारक हिस्सेदारी बेचेंगे। कंपनी 750 करोड़ रुपये तक के प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पर भी विचार कर सकती है। फ्रेश इश्यू से जुटाई गई राशि का उपयोग तमिलनाडु के कांचीपुरम में नई ग्रीनफील्ड यूनिट की स्थापना, संयंत्र विस्तार, मशीनरी खरीद और ऋण चुकाने में किया जाएगा। वर्ष 1992 में स्थापित यह कंपनी ओईएम और आफ्टरमार्केट दोनों क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करती है और जेडकेडब्ल्यू ग्रुप जीएमबीएच के साथ रणनीतिक साझेदारी में कार्यरत है।

# तारकेश्वर के जगत सरकार को आईएसपीएल सीजन-3 से पहले चेन्नई सिंगम्स ने किया रिटेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के टेनिस बॉल क्रिकेट सर्किट से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले बल्लेबाज जगत सरकार का सफर लगातार आगे बढ़ रहा है। इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) के आगामी सीजन-3 से पहले चेन्नई सिंगम्स ने बंगाल के इस प्रतिभाशाली ओपनर को टीम में बरकरार रखा है। कोलकाता से लगभग 60 किमी दूर तारकेश्वर निवासी 30 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज जगत सरकार को फ्रेंचाइजी ने 20.02 लाख में रिटेन किया है। इस रिटेंशन के साथ वह पश्चिम बंगाल के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने लीग के अगले चरण के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की है। जगत सरकार ने कहा कि बंगाल में टेनिस बॉल क्रिकेट का स्तर काफी ऊंचा है और यहां नियमित रूप से आयोजित होने वाले टूर्नामेंट खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा, अगर आप बंगाल में प्रदर्शन कर सकते हैं, तो आप कहीं भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। वह भारत और विदेशों, विशेषकर संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले टूर्नामेंटों में नियमित रूप से हिस्सा लेते रहे हैं और टेनिस बॉल क्रिकेट से जुड़े 'बैट्स' तथा '7070 स्पोर्ट्स' जैसे ब्रांड्स के ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

# हम भारत भव्य बनायेंगे, हिन्दू राष्ट्र बनायेंगे : शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री गोवर्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज का गंगासागर के अवसर पर सत्संग भवन, कोलकाता पधारने पर पुरी गौशाला के अध्यक्ष मूलचंद राठी, आदित्य वाहिनी के राज्य अध्यक्ष देवाशीष गोस्वामी, पिंकी गोस्वामी, धर्मानुरागी, समाजसेवी पं. लक्ष्मीकांत तिवारी, प्रेमचन्द्र झा,विनय दुबे, निभा प्रकाश, महेश आचार्य, राजकुमार मुंधड़ा, मालचंद चांडक, धनेश रांधड़, गोकरण शोरेवाल, डॉ. अशोक पोद्दार, अशोक कंदोई, सत्यनारायण बाहेती, मनोज सरावगी, सुबेश उपाध्याय, नीलम झा, उषा गुप्ता एवं श्रद्धालु भक्तों ने किया। कोलकाता प्रवास मेंसत्संग भवन मेंधर्मसभा मेंशंकराचार्य



निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने 'हम भारत भव्य बनायेंगे, हिन्दू राष्ट्र बनायेंगे' राष्ट्रोत्कर्ष अभियान एवं भारत हिन्दू राष्ट्र पर जिज्ञासा के उत्तर में कहा कि धर्मनिरपेक्ष एक शब्द है, कोई भी व्यक्ति जन्म से धर्मनिरपेक्ष नहीं होता। भारत में हिंदुओं के अधिकार, सुरक्षा पर कहा कि धर्मनिरपेक्ष का अर्थ है सभी धर्मों को समान मानना, सभी नागरिकों को अपनी धार्मिक आस्था की स्वतंत्रता देना। वैदिक सनातन हिन्दू धर्म भारत का प्राचीन धर्म है, बहुसंख्यक नागरिकों की आस्था है। भारतीय नागरिकों के पूर्वज हिन्दू थे। व्यक्ति को अपना धर्म चुनने, उसका पालन करने और प्रचार करने की आजादी है। भारत में धर्म के आधार पर कोई भेदभाव-राजनीति नहीं होनी चाहिये, तुष्टिकरण की नीति भारत के हित में नहीं है। प्रदीप बागड़ी, मुकेश चतुर्वेदी, श्याम अग्रवाल, गोपा चटर्जी, रमेश आसोपा, राजकुमार तेनानी, मेघनाथ साव, अशोक शर्मा, राजेश बिनानी, नवीन शर्मा, राजू शर्मा, अभय पाण्डेय एवं पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी केकार्यकर्ता सक्रिय हैं।

# लेकटाउन स्थित वीआईपी टॉवर में फन फिएस्टा का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** लेकटाउन स्थित वीआईपी टॉवर परिसर में फन फिएस्टा का भव्य आयोजन किया गया। इस महा-कार्यक्रम का आयोजन वीआईपी टॉवर के यंग ग्रुप द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आशीष जैन, मयंक जैन, कुंज गुप्ता, हर्षित गुप्ता, विघ्नेश, यश पारेख, केशव डागा, विद्या जैन, रुचिका गुप्ता, गुंजन डागा एवं निशा डागा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों एवं आगंतुकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें सुजीत बोस (मंत्री), लेक टाउन पुलिस स्टेशन के आईसी संजीब चक्रवर्ती, मिसेज इंडिया मधुमिता गुप्ता, सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार, एस.पी. शॉ, चंद्रेश मेघानी शामिल थे। वीआईपी



टॉवर की ओर से वी.के. खन्ना, सचिव रवि चौधरी, सदस्य सुभाष अग्रवाल, हेमंत दुगड़, महेंद्र पोद्दार, प्रवीण खेमका, गौरीशंकर सोमानी, पंकज गोयनका और सरला बिनानी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त रोशन जैन, अजय पांडे और मनोज राणासारिया भी फन फिएस्टा में विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही शिखा जैन एवं विद्या जैन की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विभिन्न खेल, स्वादिष्ट भोजन एवं मनोरंजक गतिविधियों की आकर्षक व्यवस्था की गई थी। सभी ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ कार्यक्रम का आनंद उठाया। यह आयोजन नए वर्ष की एक शानदार, उल्लासपूर्ण और यादगार शुरुआत साबित हुआ। उक्त जानकारी दिनेश जैन गंगवाल, चेयरमैन, वीआईपी टॉवर द्वारा दी गई।

# बड़तल्ला स्ट्रीट श्री श्याम सरकार मंडल का 19वां वार्षिक उत्सव संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़तल्ला स्ट्रीट श्री श्याम सरकार मंडल द्वारा आयोजित 19वां वार्षिक उत्सव बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ ए.जी.एस. बैंक्वेट हॉल में मनाया गया। इस अवसर पर बाबा श्री श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया गया तथा छप्पन भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति एवं आकर्षक नृत्य-नाटिका का मंचन किया गया, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। मंडल के संयोजक शिव कुमार राजपुरिया ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर चंद्रकांत सराफ, भोला यादव, मीना देवी पुरोहित एवं स्वपन बर्मन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश छापड़िया, संजय कुमार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सूरज सोनकर एवं मनोज सोनकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उत्सव में पंकज सोनकर, राजेश दास, विजय राजपुरिया सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# वार्ड 63 में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में वार्ड 63 के तृणमूल युवा कांग्रेस की ओर से स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बोरो 7 की चेयरपर्सन व स्थानीय पार्षद सुष्मिता भट्टाचार्य एवं वार्ड के तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल खटिक द्वारा लगाया गया था। इस शिविर के उद्घाटन समारोह में तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सुब्रत बक्शी, विधायक स्वर्ण कमल साहा, विधायक देवाशीष कुमार उपस्थित रहे। बताया गया कि इस शिविर में 150 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर उपस्थित अन्य विशिष्ठ अतिथियों में निगम के एमएमआइसी संदीप रंजन बख्शी, पार्षद असीम बोस, पार्षद व बोरो 6 की चेयरपर्सन सना अहमद, वार्ड 46 के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल चंद्र साहा, वार्ड 63 के पार्टी अध्यक्ष बबलू पाइन, पश्चिम बंगाल तृणमूल अल्पसंख्यक सेल के उपाध्यक्ष फरीद खान, मोहम्मद मजीद, मोहम्मद मकसूद, शेखअली जान, लायंस क्लब कोलकाता के अध्यक्ष ओम प्रकाश तोदी, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शुभाशीष केडिया, संजय जय सिंह व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# बंगाल से तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन, 18 जनवरी को होगा शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल से लंबी दूरी की रेल यात्रा को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से भारतीय रेल तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन शुरू करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जनवरी 2026 को इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन ट्रेनों में सांतरागाछी-तांबरम, हावड़ा-आनंद विहार और सियालदह-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। तांबरम-सांतरागाछी अमृत भारत एक्सप्रेस (16107/16108) ट्रेन संख्या 16107 प्रत्येक शुक्रवार को तांबरम से दोपहर 15:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात 20:15 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी। वापसी में 16108 अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार को सांतरागाछी से रात 23:55 बजे रवाना होकर तीसरे दिन सुबह 10:00 बजे तांबरम पहुंचेगी। यह ट्रेन चेन्नई एग्मोर, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम क्षेत्र, भुवनेश्वर, कटक, बालासोर और खड़गपुर सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। हावड़ा-आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस (13065/13066) ट्रेन संख्या 13065 प्रत्येक गुरुवार को हावड़ा से रात 23:10 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन तड़के 02:50 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में 13066 ट्रेन प्रत्येक शनिवार को आनंद विहार से सुबह 05:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 10:50 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन आसनसोल, दुर्गापुर, गया, वाराणसी, लखनऊ, बरेली और गाजियाबाद सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी। बनारस-सियालदह अमृत भारत एक्सप्रेस (22588/22587) ट्रेन संख्या 22588 प्रत्येक रविवार, मंगलवार और शुक्रवार को बनारस से रात 22:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 09:55 बजे सियालदह पहुंचेगी। वापसी में 22587 अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शनिवार को सियालदह से शाम 19:30 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 07:20 बजे बनारस पहुंचेगी। यह ट्रेन पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, पटना, जसीडीह, मधुपुर, आसनसोल और दुर्गापुर स्टेशनों पर रुकेगी।

# विवेकानंद जयंती पर रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसैलाब, 120 लोगों ने किया रक्तदान

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर रविवार को ओसवाल भवन में आयोजित रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लोगों की भारी भागीदारी देखने को मिली। भारतीय संस्कृति संवर्धन समिति एवं माहेश्वरी सेवा समिति (अंतर्गत माहेश्वरी सभा) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में युवाओं, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कुल 120 लोगों ने रक्तदान कर 'रक्तदान महादान' के संदेश को सार्थक किया। शिविर में रक्तदान के साथ-साथ स्वास्थ्य परीक्षण की भी व्यवस्था की गई, जिसका लाभ सैकड़ों लोगों ने उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी बसंत सेठिया ने की। प्रधान अतिथि के रूप में सुभाष मुरारका उपस्थित रहे, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ



(दक्षिण बंग) के प्रांत प्रचारक प्रशांत भट्ट ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। माहेश्वरी सभा के सभापति बुलाकी दास मीमानी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में समाजसेवी जगमोहन बागला, पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षद विजय ओझा एवं पार्षदा मीना देवी पुरोहित उपस्थित रहीं, जिन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

आयोजन की सफलता में भारतीय संस्कृति संवर्धन समिति के अध्यक्ष आचार्य राकेश कुमार पाण्डेय, मंत्री शैलेश बागड़ी तथा माहेश्वरी सेवा समिति के उपमंत्री पंचानन भट्टड़ और कोषमंत्री आदित्य बिनानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था का परिचय भारतीय संस्कृति संवर्द्धन समिति के यश बिनानी एवं माहेश्वरी सभा के मंत्री अशोक चांडक द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में संयोजक महेश केडिया, किशोर कुमार दमानी, राजकुमार लाठ, अमित कुमार डागा एवं जतीन सेवक ने सक्रिय भूमिका निभाई। मंच संचालन भारतीय संस्कृति संवर्द्धन समिति के मंत्री शैलेश कुमार बागड़ी, सेवा गीत हिमांशु सोनी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारतीय संस्कृति संवर्द्धन समिति के बृजेश बागड़ी, राजू भाला, सुरेश साव, दिनेश केडिया, विजय भाला, संजय मंडल, प्रीति सेठिया, महावीर बजाज, कमल साह, अजय धोना, आनन्द नारसरिया, इंद्रनील चटर्जी, श्रीपाल जैन, अमित भालोटिया, उमेश जैन, आशीष त्रिवेदी, आर्य नितिन तथा माहेश्वरी सभा के उपसभापति अशोक द्वारकानी, सेवा सदन मंत्री महेश बिनानी, सभा कार्यकारिणी सदस्य जयंत डागा सहित सक्रिय कार्यकर्ता रामदास तापड़िया, देवेंद्र बागड़ी, मनमोहन डागा एवं अजय मिमानी तत्परता से जुटे रहे। विभिन्न संस्थाओं के मंत्रीगणों व अन्य गणमान्य जनों की गरिमामय उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। अंत में आयोजकों ने भारी संख्या में पधारे सभी 120 रक्तदाताओं और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को लेकर मालदह के विद्यार्थियों में उत्साह, स्कूलों में हुई रचनात्मक प्रतियोगिताएं

**मालदह :** भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के प्रस्तावित शुभारंभ से पूर्व मालदह जिले के विभिन्न प्रमुख विद्यालयों में निबंध, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मालदह मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडलीय कार्मिक अधिकारी श्री इंद्रजीत के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बार्लो गर्ल्स हाई स्कूल, रामकृष्ण मिशन स्कूल, शिशु बिहार इंग्लिश एकेडमी, सेंट जेवियर्स हाई स्कूल सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं का आयोजन हावड़ा से गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलने वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के उद्घाटन के उपलक्ष्य में किया गया, जिससे पश्चिम बंगाल के पूर्वी क्षेत्र और असम के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के बीच



संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक रेलवे अवसंरचना, तकनीकी नवाचार तथा वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के दूरगामी यात्रा, क्षेत्रीय संपर्क और राष्ट्रीय एकता पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की थीम भारत की पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन पर राष्ट्रीय गौरव और इसके पूर्व एवं उत्तर-पूर्व भारत के यात्रियों के लिए महत्व को रेखांकित करती रही। प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगीन चित्रों, विचारोत्तेजक निबंधों और प्रभावशाली भाषणों में भारतीय रेल के निरंतर आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं में सुधार के प्रयासों की स्पष्ट झलक देखने को मिली। यह पहल विकसित बंगाल, विकसित भारत की परिकल्पना से प्रेरित रही, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में एकता, विकास और परिवर्तन का संदेश देना है, ताकि वे भविष्य में एक प्रगतिशील भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें। विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की गई तथा पूर्वी रेलवे ने युवाओं को महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं से जोड़ने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# राज्य में श्रद्धा के साथ मनाई गई स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती, सभी नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**✒ स्वामी जी के पैतृक आवास के पास अभिषेक के युवराज वाले पोस्टर को लेकर विवाद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य बंगाल में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती मनाई गई। जयंती समारोह के बीच, उत्तर कोलकाता में स्वामी विवेकानंद के पैतृक घर के पास सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी के पोस्टर को लेकर राजनीतिक आर-ोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया। पोस्टर में अभिषेक बनर्जी को 'युवराज' बताया गया है। रामकृष्ण मठ और



मिशन के मुख्यालय बेलूर मठ में प्रात: ही मंगल आरती और विशेष प्रार्थनाओं के साथ जयंती समारोह की शुरुआत हो गई। राज्य के विभिन्न हिस्सों से अनुयायी सुबह से ही श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्रित हो गए। दिन भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मठ और मिशन की विभिन्न शाखाओं ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों में जुलूस निकाले, जिनमें स्कूली छात्र शामिल हुए। सिमला स्ट्रीट पर स्वामी विवेकानंद के पैतृक घर पर केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, राज्य सरकार में मंत्री शशि पांजा और



विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य स्वामी विवेकानंद के पैतृक घर गए और उन्होंने पांजा से बातचीत की। उन्होंने इसे शिष्टाचार भेंट बताते हुए कहा कि इसका कोई राजनीतिक अर्थ निकालने की जरूरत नहीं है।

## चुनाव आयोग ने बागनान विधानसभा के एईआरओ के खिलाफ कार्रवाई के दिए संकेत

**कोलकाता/हावड़ा, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में कथित तार्किक विसंगतियों पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाने के मामले में बागनान विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) मौसम सरकार के खिलाफ संभावित कार्रवाई के संकेत दिए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में संकेत दिया कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जा सकती है। सीईओ कार्यालय ने 'एक्स' पर एक विस्तृत पोस्ट में कहा कि यदि सरकार को कोई शिकायत थी, तो उन्हें अपने वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष इसे उठाना




चाहिए था या उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी से औपचारिक रूप से संपर्क करना चाहिए था। इसने कहा कि यह मामला अनुशासनहीनता, नियमों के उल्लंघन और संवैधानिक प्राधिकार का अनादर करने का है। सीईओ कार्यालय ने कहा कि वह वर्तमान में निर्वाचन आयोग के कर्मचारी हैं और उनके खिलाफ कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए मौसम सरकार ने कहा कि उन्हें अभी तक कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि मुझे अभी तक कोई पत्र नहीं मिला है। पत्र मिलते ही मैं उचित जवाब दूंगा। वहीं, सरकार ने अपने कदम का बचाव करते हुए कहा कि जनहित में यह आवश्यक था। अन्य अधिकारियों को भी खुलकर बोलना चाहिए। अन्यथा, जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। दरअसल, आठ जनवरी को सरकार ने बागनान के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) को पत्र लिखकर एईआरओ लॉग में तार्किक विसंगतियों का आरोप लगाया था और एईआरओ पद से इस्तीफा दे दिया था।

### बाघाजतिन स्टेशन के पास एक दुकान में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बाघाजतिन रेलवे स्टेशन के पास सोमवार सुबह एक दुकान में आग लगने की घटना सामने आई। जिससे स्टेशन क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग स्टेशन परिसर से सटी दुकान में लगी थी, हालांकि, अग्निशमन विभाग और रेलवे अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई से आग को जल्द ही काबू में कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है और न ही रेल यातायात प्रभावित हुआ। आग से संबंधित दुकान को नुकसान पहुंचा है, लेकिन आग स्टेशन परिसर या रेलवे ट्रैक तक नहीं फैल सकी।यह घटना संतोषपुर स्टेशन के पास पूर्व में हुई आगजनी की घटना की याद दिलाती है, जहां स्टेशन के आसपास स्थित अनधिकृत दुकानों में लगी आग से रेलवे परिचालन को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया था। घटना के बाद सियालदह मंडल ने यात्रियों और स्थानीय लोगों से सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि स्टेशन परिसर या उसके आसपास ज्व-लनशील पदार्थों का उपयोग और भंडारण पूरी तरह प्रतिबंधित है, क्योंकि इससे सिग्नलिंग सिस्टम, ओवरहेड तारों सहित महत्वपूर्ण रेलवे परिसंपत्तियों को नुकसान पहुंच सकता है। इस संबंध में सियालदह मंडल के डीआरएम राजीव सक्सेना ने कहा, यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेलवे ट्रैक के पास आग जलाना या ज्वलनशील सामग्री का उपयोग करना न केवल अवैध है, बल्कि इससे यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है।

## हावड़ा स्टेशन से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के तीन गुर्गे गिरफ्तार, कबड्डी खिलाड़ी की हत्या में थे शामिल

**हावड़ा, समाज्ञा :** पंजाब के कबड्डी खिलाड़ी राणा बालाचौरिया की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए हावड़ा से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार तीनों आरोपित कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को गोलाबाड़ी थाना पुलिस ने पंजाब निवासी तीन गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के नाम करण पाठक, तरणदीप सिंह और आकाशदीप सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद आरोपित पंजाब से फरार होकर नेपाल के रास्ते गंगटोक पहुंचे और वहां से दोबारा भारत में दाखिल हुए। जांच में सामने आया है कि भारत लौटने के बाद आरोपित कुछ दिनों तक कोलकाता में छिपे रहे। पुलिस को आशंका थी कि वे पश्चिम बंगाल से फरार होने की योजना बना रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, रविवार की रात आरोपित हावड़ा स्टेशन से ट्रेन पकड़कर भागने की फिराक में थे। इसी दौरान खुफिया जानकारी मिलने पर एसटीएफ ने गोलाबाड़ी थाना पुलिस को सतर्क किया। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हावड़ा इलाके से तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और आरोपितों से पूछताछ के जरिए गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और हत्या के पीछे की साजिश का खुलासा करने की कोशिश की जा रही है। इन्हें ट्रांजिट रिमांड पर पंजाब ले जाया जाएगा।

## मुख्यमंत्री पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पांडुआ में हंगामा

### तृणमूल ने प्रगतिशील आलू व्यापारी समिति का सम्मेलन किया बहिष्कार

**हुगली, समाज्ञा :** प्रगतिशील आलू व्यापारी समिति की एक बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने मौके पर ही कड़ा विरोध जताया। यह घटना रविवार को पांडुआ थाना अंतर्गत कोचमाली सहकारी कोल्ड स्टोरेज में हुई। उस दिन प्रगतिशील आलू व्यापारी समिति का जिला सम्मेलन आयोजित था। सम्मेलन के दौरान मंच से समिति के सदस्य और मेदिनीपुर निवासी वरुण पंडित ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कटाक्ष किया। साथ ही उन्होंने राज्य के कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना की भी कड़ी आलोचना की। पार्टी सुप्रीमो के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी सुनकर वहां मौजूद तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने सम्मेलन का बहिष्कार कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम पर पांडुआ के जिला परिषद सदस्य एवं गोघाट के पूर्व विधायक मानस मजूमदार ने कहा सम्मेलन में प्रवेश करते समय ही हमने वह टिप्पणी सुनी। इसके बाद हम अंदर नहीं गए और बाहर ही रुक गए। जो लोग अंदर थे, उन्हें भी बाहर बुला लिया। गोघाट से बड़ी संख्या में आलू व्यापारी आए थे। हमने सभी से कहा कि आप लोग इस तरह की बातें कैसे सुन सकते हैं? जिसने यह बयान दिया है, वरुण पंडित को मंच से माफी मांगनी होगी, नहीं तो हम कोई भी अंदर नहीं जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि स्थिति को भांपते हुए प्रगतिशील आलू व्यापारी समिति के सचिव लालू मुखोपाध्याय बाहर आए और दबाव के बाद मंच पर जाकर वरुण पंडित की ओर से माफी मांगी लेकिन हमने साफ कहा कि वरुण पंडित को खुद यह स्वीकार करना होगा कि मुख्यमंत्री और राज्य के मंत्री बेचाराम मन्ना पर व्यक्तिगत हमला करना उनकी गलती थी। इसके बजाय उन्होंने घुमा-फिराकर कहा कि अगर उनके बयान से किसी को दुख पहुंचा है तो वे खेद प्रकट करते हैं। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और अंततः हम सभी ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर वहां से चले गए।

## गोलाबाड़ी में आग तापते समय घर में लगी आग, बुजुर्ग महिला की जलकर मौत



**हावड़ा, समाज्ञा :** उत्तर हावड़ा में रविवार की रात ठंड से बचने के लिए आग ताप रही एक बुजुर्ग महिला की जलकर मौत हो गई। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतका की पहचान राधारानी साव (80) के रूप में हुई है। वह जीटी रोड के पिलखाना मोड़ के पास स्थित एक बेहद पुराने मकान के भूतल पर अकेली रहती थीं। रविवार की रात करीब 8 बजे अचानक उनके घर में आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर वह बुरी तरह झुलस गईं। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। गंभीर रूप से झुलसी बुजुर्ग महिला को तत्काल हावड़ा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर गोलाबाड़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। उत्तर हावड़ा के विधायक गौतम चौधरी भी घटनास्थल पर पहुंचे। प्रारंभ में आशंका जताई जा रही थी कि खाना बनाते समय आग लगी होगी, लेकिन बाद में पड़ोसियों ने बताया कि ठंड से बचने के लिए राधारानी साव कागज और लकड़ी इकट्ठा कर घर के भीतर ही आग ताप रही थीं। उसी दौरान आग फैल गई और यह हादसा हो गया। फिलहाल, आग लगने के सटीक कारणों की जांच की जा रही है।

# पीएम मोदी की प्रस्तावित जनसभा से पहले अचानक बंजर जमीन पर चलने लगी जेसीबी

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के सिंगुर में 18 साल बाद यानी 18 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रस्तावित जनसभा होनी है। बंगाल में रतन टाटा के सपनों को साकार करने वाली नैनो कार फैक्ट्री सिंगुर में पूरी न हो सकी और बाद में वही सपना गुजरात में साकार हुआ। उस वक्त गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी थे, आज वे देश के प्रधानमंत्री हैं। चुनावी माहौल में उनके बंगाल दौरे का केंद्र फिलहाल सिंगुर की वही जमीन है। करीब 10 साल पहले सिंगुर के किसानों ने कानूनी लड़ाई के बाद अपनी जमीन वापस पा ली थी। उस समय राज्य सरकार ने वादा किया था कि 70 प्रतिशत जमीन को फिर से खेती योग्य बनाया जाएगा। लेकिन



एक दशक बीत जाने के बावजूद वह वादा पूरा नहीं हुआ। इसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री का प्रस्तावित दौरा हो रहा है। दौरे से पहले अचानक सिंगुर की परत पड़ी कृषि भूमि में सफाई का काम शुरू हो गया है। बजेमेलिया मौजा इलाके में 15 से अधिक जेसीबी मशीनें लगाकर जंगल और झाड़ियां साफ की जा रही हैं। इधर, सिंगुर के किसान इस पर नाराज़गी जता रहे हैं। उनका कहना है कि जमीन लौटने के बावजूद उसे अब तक खेती योग्य नहीं बनाया गया। सिंगुर के किसान महादेव दास ने कहा कि हम लंबे समय से जमीन को खेती योग्य बनाने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन से कई बार आवेदन भी किया गया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। सिंगुर बंजर भूमि पुनर्व्यवहार समिति के सचिव दूधकुमार धारा ने भी प्रशासन पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बताया गया था कि 70 प्रतिशत जमीन को खेती योग्य बनाने का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। लेकिन अब प्रधानमंत्री के दौरे से पहले अचानक जमीन की सफाई शुरू हो गई है। स्थानीय विधायक ने झूठे दावे किए थे, और अब वह सच सामने आने के डर से ही यह काम कराया जा रहा है। सिंगुर की जमीन एक बार फिर राजनीति के केंद्र में है, लेकिन किसानों का सवाल अब भी वही है वादा कब पूरा होगा?

## सामूहिक गीता पाठ हवन पूर्णाहुति भंडारे में उमड़ी सनातनियों साधु संतों की भीड़

**हुगली, समाज्ञा :** आध्यात्मिक गुरु, दार्शनिक और महान समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की 163वीं जन्म जयंती के अवसर पर सेवड़ाफुली स्थित गैरेज मैदान में एक विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य



आयोजन किया गया। सम्मेलन स्थल को आकर्षक तोरण द्वार और स्वामी विवेकानंद के चित्रों से सजाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इस आयोजन में बड़ी संख्या में साधु-संतों और सनातन धर्मावलंबियों की उपस्थिति रही। सम्मेलन को संबोधित करते हुए निर्गुणनानंद महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में सभी हिंदू सनातनियों को एकजुट करने की सख्त आवश्यकता है, ताकि समाज को एक मजबूत और सकारात्मक दिशा दी जा सके। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और विचारों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक गीता पाठ, हवन-आहुति और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा इलाका भक्तिमय हो उठा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन का संचालन समाजसेवी दिलीप सिंह ने किया। इस कार्यक्रम के जरिए स्वामी विवेकानंद के विचारों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया और उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। आयोजन में शामिल सनातनी श्रद्धालुओं का कहना है कि इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को बल मिलता है। पूरे कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



भू कैलाश वेलफेयर सेंटर के संचालक सीताराम राय के साथ गंगासागर सेवा शिविर के उद्घाटन के मौके पर डीजी सिविल डिफेंस जगमोहन, आईआरएस-आरएस उपाध्याय, चार्टर्ड अकाउंटेंट विनोद शर्मा, डॉ. सुरेश राय, पुरुषोत्तम अग्रवाल और गोपाल केडिया व अन्य गणमान्य परिलक्षित हैं।



गोवा बगान शिविर में आओ साईं कोलकाता के तरफ से गंगासागर मेले में शॉल व कंबल 300 पीस वितरित किये गए। इसमें संस्थापक सदस्य अनिल जायसवाल साईं, अध्यक्ष राम नरेश जायसवाल, रामफूल जायसवाल अन्य कार्यकर्ता संजय गुप्ता, सुजीत जायसवाल, गौरव गुप्ता, साईं दीवाना कुबेर गुप्ता, दीप जायसवाल, मनोज साव, बिजंता जायसवाल, साधना जायसवाल, सुषमा, सीमा जायसवाल, मोहिनी जायसवाल, पूर्णिमा गुप्ता, दीपा जायसवाल, मंजु गुप्ता, चंदना हाजरा, प्रीति जायसवाल सहित कई सदस्य उपस्थित थे।



जौनपुर नागरिक संघ के सेवा शिविर में लालमणि मिश्रा, रामजी मिश्रा, शंभूनाथ जायसवाल, वेद प्रकाश पाठक, रमेश चतुर्वेदी समेत अन्य सदस्य तीर्थयात्रियों की सेवा कार्य में निरंतर तत्पर।

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय अवध समाज के सेवा शिविर की सराहना की

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय अवध समाज ने बाबूघाट में गंगासागर मेले 2026 में आने वाले तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए सहायता शिविर लगाए हैं। यह शिविर 7 से 17 जनवरी तक चलेगा, जिसमें तीर्थयात्रियों को विभिन्न आवश्यक सेवाएं प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पहल की सराहना की और अपने संदेश में कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि राष्ट्रीय अवध समाज ने तीर्थयात्रियों की सेवा हेतु यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने आयोजकों को बधाई दी और शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। यह संदेश तृणमूल नेता कार्तिक बनर्जी लेकर शिविर पहुंचे थे। शिविर का संचालन राष्ट्रीय अवध समाज के मुख्य संरक्षक तारकेश्वर दुबे द्वारा किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से तीर्थयात्रियों को भोजन, चिकित्सा सहायता, बैठने की व्यवस्था, जानकारी सेवा और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।






आउट्राम घाट पर लगे ओम व्यासायी संघ के सेवा शिविर में एबीपी आनंद के प्रकाश सिन्हा, गार्डनरीच थाने के अतिरिक्त ओसी नदीम अख्तर के साथ सचिव सीताराम गुप्ता, विकास जायसवाल (डब्बू), धीरज कुमार साव, राजीव जायसवाल।

## श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति गंगासागर यात्रियों की सेवा में जुटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गंगासागर मेला के दौरान बाबूघाट स्थित श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा लगाए गए सेवा शिविर में लाखों तीर्थयात्रियों की निःशुल्क एवं निःस्वार्थ सेवा की जा रही है। समिति बीते 56 वर्षों से निरंतर बाबूघाट स्थित अपने सेवा शिविर के माध्यम से गंगासागर जाने वाले श्रद्धालुओं को विभिन्न आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराती आ रही है। समिति के अध्यक्ष श्री विवेक गुप्ता के निर्देशन में इस वर्ष भी सेवा कार्य सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है। समिति के प्रधान सचिव विमल दीवान ने बताया कि सह-सचिव पवन बंसल, सुभाष सांवलदावाला, मेला संयोजक मनोज चौधरी तथा दुर्गीचंद अग्रवाल द्वारा शिविर की व्यवस्थाएं संभाली जा रही हैं। समिति के सभी सेवा कार्य पूर्व



मार्गदर्शक स्वर्गीय राजकुमार बोथरा की प्रेरणा से निरंतर आगे बढ़ाए जा रहे हैं। इस अवसर पर दानदाताओं द्वारा बड़ी संख्या में सामग्री का वितरण किया गया। दानदाता अविशेष बगड़िया एवं आशीष बगड़िया द्वारा 100 कंबल, अरुण दीवान द्वारा 100 कंबल, पवन जी द्वारा 100 कंबल तथा मोहित चौधरी द्वारा 200 जोड़ी चरण पादुका गंगासागर जाने वाले तीर्थयात्रियों को वितरित की गई। सेवा शिविर की सफलता में उमा शंकर जोशी, सुमित झुनझुनवाला, सुशील जोशी, जयप्रकाश गुप्ता, महेश काबरा, सुभाष चंद्र गोयनका, महेश गोयनका, चेतन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, आदित्य तुल्शियन, सुनील सावदावाला, मोहित सुरेका, परदीप गोयनका, बनवारी गुप्ता, दीपक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य, स्वयंसेवक एवं कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे रहे।




आउट्राम घाट पर लगे जय माता दी सेवा संघ के सेवा शिविर में वैष्णो देवी माता की बड़ी बहन श्री सुकरला माता जी के मंदिर के पूज्य महाराज प्रदीप कुमार उपाध्याय और सुजाता उपाध्याय और उनका पूरा परिवार उपस्थित हुए। इस दौरान, अध्यक्ष विकास जासवाल (डब्बू), महासचिव रतन लाल गुप्ता, संयुक्त मंत्री राजीव जायसवाल, समाजसेवी रमेश साव आभार प्रगट किया।

### उड़ियापाड़ा में गोलीबारी से युवक घायल, अस्पताल में इलाजरत

**हावड़ा, समाज्ञा :** उत्तर हावड़ा के उड़ियापाड़ा इलाके में रविवार की रात हुई गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। इस घटना में तारक बारिक नामक एक युवक गोली लगने से घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए हावड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपितों क नाम सूचित सिंह और राज पांडे के रूप में हुई है, जबकि तीसरा आरोपित बाहरी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, रविवार की रात इलाके में तीन युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उनमें से एक युवक पिस्तौल निकालकर धमकी दे रहा था। जब स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव करने और पिस्तौल छीनने का प्रयास किया, तो तीनों आरोपित भागने लगे। स्थानीय लोगों ने जब उनका पीछा किया, तो एक बाहरी युवक ने पीछे मुड़कर फायरिंग कर दी, जिससे तारक बारिक घायल हो गया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पक्षी से टकराने पर विमान को आपात स्थिति में उतारा गया

**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर रविवार शाम गोरखपुर से बेंगलुरु जा रहे इंडिगो के एक विमान को पक्षी से टकराने के बाद आपात स्थिति में उतार लिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार सभी 216 यात्री सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि एक पक्षी से टकराने पर विमान का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पायलट ने तत्काल वाराणसी हवाई यातायात नियंत्रण कक्ष से संपर्क किया और विमान को सुरक्षित वाराणसी हवाईअड्डे पर उतार लिया गया। हवाईअड्डा के निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

### पटना में दो गुटों के बीच झड़प में युवक की चाकू मारकर हत्या, दो घायल

**पटना:** बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को दो गुटों के बीच हुई झड़प में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना दोपहर को चौक थाना क्षेत्र के पास उस समय हुई, जब दोनों गुटों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। पुलिस के एक बयान के अनुसार, करीब 1.30 बजे सूचना मिली कि चौक थाना क्षेत्र के पास एक गली में दो गुटों के लड़कों के बीच झगड़ा हो गया है। झड़प के दौरान एक गुट ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे तीन लड़के घायल हो गए, जिनमें से एक की बाद में मौत हो गई।

### कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया की निगरानी के लिए समिति गठित की

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की निगरानी और पार्टी के प्रयासों के बीच समन्वय के लिए 12 सदस्यीय प्रदेश स्तरीय समिति गठित की है। पार्टी द्वारा जारी बयान के मुताबिक, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गठित इस कमेटी का संयोजक पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय को नियुक्त किया गया है। कमेटी में आराधना मिश्रा, के पी शर्मा, इमरान मसूद, राकेश राठौर, तनुज पुनिया, उज्ज्वल रमण सिंह, के एल शर्मा, वीरेंद्र चौधरी, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पी एल पुनिया, संजय दीक्षित और आसिफ अली रिजवी को शामिल किया गया है।

# विकास पर्यावरण की कीमत पर नहीं हो सकता: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि ढांचागत विकास प्रदेश की अनिवार्य आवश्यकता है लेकिन यह पर्यावरण की कीमत पर नहीं हो सकता। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और सरकार की नीति है कि किसी भी परियोजना में अपरिहार्य स्थिति में ही वृक्षों को काटा जाए और जितने वृक्ष कटें, उससे अधिक संख्या में पौधारोपण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना रहे। मुख्यमंत्री ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की प्रदेश में संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से जिलावार समीक्षा करते हुए एनएचएआई के स्थानीय अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के बीच बेहतर, सतत और प्रभावी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रत्येक जनपद के जिलाधिकारी एनएचएआई परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित करें और जहां भी किसी स्तर पर कोई विषय लंबित हो, उसे मुख्य सचिव की सोमवार की समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर उसका समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मुख्य सचिव स्वयं इन परियोजनाओं की पाक्षिक समीक्षा करें जिससे कार्यों में अनावश्यक विलंब ना हो और निर्णय जल्दी से लिए जा सकें। भूमि अधिग्रहण से संबंधित विषयों पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सीधे किसानों से संवाद स्थापित किया जाए तथा किसी भी स्थिति में बिचौलियों को हस्तक्षेप का अवसर ना मिले ताकि किसानों के हित सुरक्षित रहें और परियोजनाएं पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क परियोजनाएं प्रदेश के आर्थिक विकास, औद्योगिक विस्तार और आमजन की सुविधा से सीधे जुड़ी हैं इसलिए सभी कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं।

### स्वामी विवेकानंद ने भारतीयता की आत्मा को जगाया : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को स्वामी विवेकानंद की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने उस दौर में भारतीयता की आत्मा को जगाया जब वह सुप्त चेतना के कारण अपनी आत्म-जागरूकता को लगभग खो चुका था। मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के मौके पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'स्वामी विवेकानंद ने उस भारत का प्रतिनिधित्व किया, जो उस समय अपनी सुप्त चेतना के कारण आत्म-जागरूकता लगभग खो चुका था। अगर आप समझना चाहते हैं कि गुलामी का असली मतलब क्या होता है तो आप उस समय के भारत को देखकर इसके बारे में जान सकते हैं, जिसने अपनी आत्म-जागरूकता खो दी थी, जहां मुट्ठी भर विदेशी आक्रमणकारी देश को गुलाम बनाने में सफल हो गए थे।'

### नाबालिग की 'अवैध' गिरफ्तारी पर पांच लाख रुपये मुआवजा दे बिहार सरकार: पटना उच्च न्यायालय

**पटना:** पटना उच्च न्यायालय ने बिहार सरकार को निर्देश दिया है कि वह चोरी के एक मामले में पिछले वर्ष दो महीने से अधिक समय तक अवैध रूप से जेल में रखे गए एक नाबालिग लड़के को पांच लाख रुपए का मुआवजा दे। अदालत ने मामले के जांच अधिकारी (आईओ) को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि पर्याप्त साक्ष्य न होने के बावजूद नाबालिग को वयस्क बताकर गिरफ्तार किया गया, जबकि मजिस्ट्रेट की अदालत ने भी यांत्रिक तरीके से उसे जेल भेज दिया। न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद और न्यायमूर्ति रितेश कुमार की खंडपीठ ने राज्य सरकार को यह भी निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता के परिवार द्वारा मुकदमे की पैरवी में हुए खर्च की भरपाई के लिए 15,000 रुपए की दें। मधेपुरा जिले के पुरैनी थाना क्षेत्र में 11 जुलाई को भूमि विवाद को लेकर पंचायत बैठक के दौरान मारपीट और चांदी की चेन एवं अन्य आभूषणों की लूट के आरोप में 16 वर्षीय लड़के सहित 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## न्यूज अपडेट

### सपना चौधरी को पासपोर्ट के लिए एनओसी देने का निर्देश



**लखनऊ:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक अधीनस्थ अदालत को डांसर सपना चौधरी को पासपोर्ट के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह भी कहा कि अभिनेत्री को 10 वर्ष की सामान्य अवधि के लिए पासपोर्ट जारी किया जाए। न्यायमूर्ति प्रकाश भाटिया ने सपना चौधरी द्वारा दायर याचिका स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। सपना की वकील प्रीति सिंह ने दलील दी थी कि अधीनस्थ अदालत ने याचिकाकर्ता को एनओसी जारी करने से मना कर दिया, जबकि उनके खिलाफ दर्ज एक मामले संबंधी जमानत के आदेश में पासपोर्ट से वंचित करने की कोई शर्त नहीं है। अदालत ने पाया कि इसकी कोई संभावना नहीं दिखती कि 2018 में लखनऊ के आशियाना में स्टेज शो नहीं करने से जुड़े आपराधिक मामले में मुकदमा जल्द खत्म होगा।

### एआई अगला बड़ा परिवर्तन, उप्र की नीतियां स्पष्ट: सिद्धार्थ भाटिया

**लखनऊ:** पूछ एआई के सह संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ भाटिया ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद कहा कि एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) को अगला बड़ा परिवर्तन माना जा रहा है और इस संबंध में उत्तर प्रदेश की नीतियां स्पष्ट हैं। भाटिया ने प्रदेश में एआई से जुड़े प्रयासों और इसे जनता के लिए अधिक सुलभ बनाने को लेकर आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि जब शीर्ष नेतृत्व का नजरिया, उद्देश्य और महत्वाकांक्षा स्पष्ट होती है, तो उसके सकारात्मक परिणाम स्वतः ही धरातल पर दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एआई को लेकर नीति निर्माण और उसके क्रियान्वयन पर जिस प्रकार कार्य हुआ है, उससे आने वाले वर्षों में रोजगार सृजन सहित कई बड़ी उपलब्धियां प्रदेश के खाते में जुड़ेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई की नागरिकों तक व्यापक और सुलभ पहुंच ही देश एवं प्रदेश के कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### ज्ञानवापी वुजूखाना के सर्वेक्षण का अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई टली

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के वुजूखाना का सर्वेक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से कराने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई सोमवार को स्थगित हो गयी। मामले की अगली सुनवाई तीन फरवरी को होगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत राखी सिंह द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रही है। अदालत ने कहा, संबंधित पक्षकारों के वकीलों ने बताया कि इस मामले की सुनवाई उच्चतम न्यायालय में जारी है और अगली तिथि 27 जनवरी निर्धारित है, जिसे देखते हुए इस मामले में सुनवाई टाली जाती है। यह पुनरीक्षण याचिका वाराणसी के जिला न्यायाधीश द्वारा 21 अक्टूबर, 2023 के एक आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई है।

### बिहार: 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में पार्थ कौशिक को मिला दूसरा स्थान



**पटना:** दिल्ली में सोमवार को हुए 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में बिहार के युवाओं ने प्रभावशाली प्रदर्शन कर सबको चौंका दिया और पार्थ कौशिक ने देश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। राज्य के कला एवं संस्कृति विभाग ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में बिहार के चार युवाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुति का अवसर मिला। विभाग ने बताया कि लोक गीत श्रेणी में पटना की महिमा मौर्या का चयन एक विशेष उपलब्धि के रूप में सामने आया हालांकि बिहार की टीम सामूहिक रूप से फाइनल में स्थान नहीं बना सकी लेकिन देशभर से चुने गए प्रतिभागियों की विशेष दस सदस्यीय गायन मंडली में महिमा मौर्या को शामिल किया गया।

## झारखंड के गढ़वा में हुई सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत



**गढ़वा:** झारखंड में गढ़वा जिले के बेल चंपा इलाके में रविवार देर रात एक कार और ट्रक के बीच टक्कर होने के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। गढ़वा थाने के प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने कहा, गैस कटर का इस्तेमाल करके चारों शवों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक घर से टकरा गई। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि चारों मृतक पलामू जिले के पांडु और विश्रामपुर थाना क्षेत्रों के निवासी थे तथा घटना के समय वे श्री वंशीधर नगर के बिलासपुर गांव में एक विवाह समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान नरेन्द्र कुमार पासवान (30), जितेंद्र कुमार पासवान (28), बादल पासवान (18) और विक्की पासवान (18) के रूप में हुई है। वहीं, एक अन्य सड़क हादसे में पलामू जिले में मोटरसाइकिल और कार की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

### झांसी में एक करोड़ रुपये की मार्फिन जब्त, महिला समेत दो लोग गिरफ्तार

**झांसी:** उत्तर प्रदेश के झांसी में स्वापक रोधी कार्य बल और पुलिस की टीम ने एक संयुक्त अभियान में राजस्थान से झांसी तस्करी कर लाई गई एक किलोग्राम मॉर्फिन जब्त की और एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। क्षेत्राधिकारी (नगर) लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि सोमवार दोपहर कार्य बल प्रभारी चंदन पांडेय और नवाबाद थाना प्रभारी रवि श्रीवास्तव ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान स्थानीय बस स्टैंड के निकट एक पेट्रोल पंप के पास एक महिला और एक पुरुष को पकड़ा।

## उप्र: धोखाधड़ी से बीमा राशि हड़पने के तीन आरोपियों की 11.89 करोड़ की संपति कुर्क



**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मृतकों की बीमा राशि को धोखाधड़ी से कथित तौर पर हड़पने वाले गिरोह के तीन सदस्यों की अपराध के जरिये अर्जित की गई 11.89 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति कुर्क कर ली गयी। पुलिस ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, संभल में मृतकों की बीमा राशि को धोखाधड़ी कर हड़पने वाले संगठित अन्तरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों द्वारा बहजोई थानाक्षेत्र में कुल 11.89 करोड़ रुपये की संपति कुर्की की गयी है। पुलिस ने पिछले साल एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया गया था, जिसके सदस्य लोगों से धोखाधड़ी कर उनका बीमा कराकर उनकी दावा राशि हड़प लेते थे। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह 12 से अधिक राज्यों में सक्रिय था और उसने 100 करोड से अधिक का घोटला किया था। पुलिस के मुताबिक, जांच के दौरान संभल के साथ-साथ मुरादाबाद, बदायूं और अमरोहा जिलों में 25 से अधिक मामले दर्ज किये गये थे और 70 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस ने बयान में बताया कि मामले की जांच के दौरान सचिन शर्मा की 9.18 करोड़ रुपये, गौरव शर्मा की 1.44 करोड़ रुपये और ओंकारेश्वर मिश्रा की 1.26 करोड़ रुपये की अवैध संपति का पता चला। पुलिस के मुताबिक, जिला अदालत ने सात जनवरी को इन संपतियों को कुर्क करने का आदेश दिया था।

### भोजपुरी कलाकार रितेश पांडे ने जन सुराज पार्टी से इस्तीफा दिया



**पटना:** भोजपुरी कलाकार रितेश पांडे ने सोमवार को जन सुराज पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पांडे ने पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के गृह क्षेत्र से दो महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव लड़ा था हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने 'एक्स' पर इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा, वह अपने उस काम को जारी नहीं रख पा रहे हैं, जिसके लिए उन्हें लोगों से इतना प्यार और स्नेह मिला, जबकि उनका जन्म साधारण किसान परिवार में हुआ है। पांडे ने काराकाट (कारगहर) सीट से चुनाव लड़ा था। रितेश पांडे जुलाई 2025 में जन सुराज पार्टी में शामिल हुए थे और चुनाव में वह चौथे स्थान पर रहे थे तथा उनकी जमानत भी जब्त हो गई।

समीक्षा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

**13.01.2026 : लोहडी एवं पुण्यकाल**
**14.01.2026 : मकर संक्रांति, खरमास समाप्त**
**15.01.2026 : खिचडी एवं पुण्यकाल**
**16.01.2026 : प्रदोष व्रत, मास शिवरात्रि व्रत**

## भगवान विष्णु और सुदर्शन चक्र

नरेंद्र देवांगन

वैदिक समय से ही भगवान विष्णु संपूर्ण विश्व की सर्वोच्च शक्ति और नियन्ता के रूप में मान्य रहे हैं। पुराणों में भगवान विष्णु को विश्व का पालनहार कहा गया है। उनके बारे में ये तो सब जानते हैं कि उनके चार हाथ हैं जिसमें वह अपने नीचे वाले बाएं हाथ में पद्म(कमल), अपने नीचे वाले दाहिने हाथ में गदा(कौमोदकी), ऊपर वाले बाएं हाथ में शंख और अपने ऊपर वाले दाहिने हाथ में सुदर्शन चक्र धारण करते हैं।

भगवान विष्णु के पास सुदर्शन चक्र आने के पीछे एक पौराणिक कथा है, जिसका उल्लेख पुराणों में भी मिलता है। कहा जाता है कि एक बार भगवान विष्णु कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी को शिवजी का पूजन करने के लिए काशी आए जहां मणिकर्णिका घाट पर स्थान करके उन्होंने 1000 स्वर्ण कमल फूलों से भगवान शिव की पूजा का संकल्प लिया। अभिषेक के बाद जब भगवान विष्णु पूजा करने लगे तो शिवजी ने उनकी भक्ति की परीक्षा लेने के लिए एक कमल का फूल कम कर दिया।

अब चूंकि भगवान विष्णु को अपने संकल्प की पूर्ति के लिए 1000 कमल के फूल चढ़ाने थे, इसलिए उन्होंने सोचा कि मेरी आंखें ही कमल के समान हैं, इसलिए तो मुझे कमल नयन और पुण्डरीकाक्ष कहा जाता है। एक कमल के फूल के स्थान पर मैं अपनी आंख ही चढ़ा देता हूं। ऐसा सोचकर भगवान विष्णु जैसे ही अपनी आंख भगवान शिव को चढ़ाने के लिए तैयार हुए, वैसे ही शिवजी प्रकट होकर बोले, 'हे विष्णु, आपके समान संसार में कोई दूसरा मेरा भक्त नहीं है। आज की यह कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी अब से बैकुंठ चतुर्दशी के नाम से जानी जाएगी। इस दिन व्रत पूर्वक जो पहले आपका और बाद में मेरा पूजन करेगा, उसे बैकुंठ लोक की प्राप्ति होगी। तब प्रसन्न होकर शिवजी ने भगवान विष्णु को सुदर्शन चक्र प्रदान किया और कहा कि यह चक्र राक्षसों का विनाश करने वाला होगा। तीनों लोकों में इसकी बराबरी करने वाला कोई अस्त्र नहीं होगा।



ऐसा माना जाता है कि विष्णु जी के शेषनाग पर लेटे हुए रूप का अर्थ है कि मनुष्यों को सुख और खुशियों के साथ-साथ कई समस्याओं से भी उसी वक्त गुजरना पड़ता है। यानी सुख के साथ दर्द भी। इसीलिए जीवन के इस सच को वो सांपों के ऊपर लेटकर मुस्कुराते हुए दर्शाते हैं।

माना जाता है कि भगवान विष्णु के मुकुट पर लगा मोर पंख, उनके कृष्ण अवतार को दर्शाता है। ऐसा भी माना जाता है कि ये मोर पंख विष्णु जी ने कृष्ण भगवान से ही लिया है। इसके अलावा विष्णु जी की छाती पर बना श्रीवस्ता उनका लक्ष्मी जी के प्रति प्रेम को दर्शाता है। वहीं, उनका सुदर्शन चक्र सात्विक अहंकार को दर्शाता है।

पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु के 10 अवतार हैं जिसमें मत्स्यावतार, कूर्मावतार, वराहावतार, नरसिंहावतार, वामनावतार, परशुरामावतार, रामावतार, कृष्णावतार, बुद्धावतार और कल्कि अवतार शामिल हैं हालांकि भगवान ने अभी कल्कि अवतार नहीं लिया है। ऐसा माना जाता है कि कलयुग का अंत नजदीक आ जाने पर जब पृथ्वी पर पाप बहुत बढ़ जाएगें, तब भगवान विष्णु कल्कि अवतार लेंगे और अधर्म का विनाश कर पुनः धर्म की स्थापना करेंगे। (उर्वशी)

## ईश्वर जो करता है अच्छा करता है

चन्द्र प्रभा सूद

हम प्राय: सुनते रहते हैं और कहते भी हैं कि ईश्वर जो करता है हमारे अच्छे के लिए ही करता है। कहने-सुनने यानी (हिर्शी) में तो यह बहुत अच्छा लगता है परन्तु जब इसका अभ्यास (practical) करने की बारी आती है तो हम बगले झाँकने लगते हैं। उस समय हम ईश्वर पर दोषारोपण करने लगते हैं। हमें लगता है कि ईश्वर हमारे साथ अन्याय कर रहा है। पता नहीं किस जन्म का बदला वह हमारे से ले रहा है।

उस समय हमें लगता है कि हमें ही परीक्षा में क्यों डाला जा रहा है? दुनिया में बहुत से और भी लोग हैं उनकी परीक्षा लो न। उस समय हम भूल जाते है कि जन्म से मृत्यु तक न जाने हम कितनी परीक्षाओं से गुजरते हैं। कुछ परीक्षाओं में हम पास होते हैं और कुछ में फेल हो जाते हैं। जब तक हम उन परीक्षाओं में पास नहीं हो जाते तब तक हमें परीक्षा देनी पड़ती है।

ईश्वर हमेशा ही हमारी भलाई करता है परन्तु हम अज्ञानी उसकी महानता को समझ नहीं पाते और उस पर दोषारोपण करते हुए उसे कोसते रहते हैं। उस समय हम उसकी महानता को हम भूल जाते हैं। इसी विषय को दर्शाती हुई यहाँ एक कहानी मुझे याद आ रही है जो बचपन में हम सभी ने पढ़ी है।

किसी राजा का एक मन्त्री था, उसे ईश्वर पर अटूट विश्वास था। वह हर कार्य का श्रेय ईश्वर को ही देता था। हर बात पर कहता था, ईश्वर जो करता है हमारे अच्छे के लिए ही करता है।

एक दिन उस राजा की अंगुली कट गई। राजा ने उससे अंगुली कटने पर पूछा, इसमें ईश्वर ने मेरा क्या भला किया?

मन्त्री ने अपनी आस्था के अनुरूप उत्तर दिया, ईश्वर जो करता है हमारे अच्छे के लिए ही करता है। इसमें भी कोई बेहतरीन होगी।



राजा उसकी इस बात पर चिढ़ गया और उसे बहुत क्रोध आया। तब उसने अपने मन्त्री को जेल में डाल दिया। कुछ दिन बीतने के उपरान्त एक दिन राजा शिकार खेलने के लिए जगल में गया। वहाँ जंगल में अपने देवता को बलि चढ़ाने के उद्देश्य से आदिवासियों ने राजा को पकड़ लिया। राजा की कटी हुई उस अंगुली को देखकर उसे यह कहते हुए छोड़ दिया, इसका अंग भग हो चुका है। इसलिए देवता को इसकी बलि नहीं दी जा सकती।

उस समय राजा को यह प्रत्यक्ष अनुभव हुआ कि ईश्वर जो भी करता है हमारे अच्छे के लिए करता है। अपने राज्य में वापिस लौटकर उसने मन्त्री को जेल से बाहर निकाला। राजा ने उससे कहा, ईश्वर पर तुम्हारे अटूट विश्वास के कारण आज मैं अपनी कटी हुई अंगुली के कारण बच गया पर इसमें तुम्हारा क्या भला हुआ?

तब मन्त्री ने राजा से कहा, मैं भी अपकी कटी हुई अंगुली के कारण ही बच गया।

राजा ने उससे पूछा, वह कैसे?

मन्त्री ने राजा से कहा,यदि आप मुझे जेल में न डालते तो मैं भी आपके साथ जंगल में शिकार के लिए जाता। आप तो कटी हुई अंगुली के कारण बच जाते और वे लोग मेरी बलि चढ़ा देते। मैं आपकी सेवा भी न कर पाता। इसीलिए मैं हमेशा कहता हूँ कि ईश्वर जो भी करता है हमारे भले के लिए करता है।

यह सचमुच ही ईश्वर का चमत्कार है जिसे हमारी स्वार्थी बुद्धि समझ ही नहीं पाती। काल के मुँह में समाता हुआ मनुष्य भी वर्षों तक जीवित रह सकता है। वह प्रभु इतने चमत्कार दिखाता है कि उनका वर्णन भी हम नहीं कर सकते।

हम उस प्रभु पर सच्चे मन से यदि विश्वास करते हैं तो वह हमारे सारे बिगड़े हुए काम बना देता है। वह तो इसी प्रतीक्षा में रहता है कि कब मनुष्य उसे सच्चे मन से याद करे और वह उसकी सहायता के लिए आगे हाथ बढ़ाए।

वह जगत्पिता परमात्मा ही हमारा अन्तिम ठौर है। दुनिया के सभी रिश्ते-नाते हमारा साथ छोड़ देते हैं परन्तु वह मालिक कभी हमें निराश नहीं करता। जो भी उसे पुकारता हुआ उसकी शरण में जाता है, वह उस पर अनुग्रह करता है। हर समय वह हमारे साथ-साथ चलता हुआ हमारी रक्षा करता है। इसीलिए वह जो भी हमारे लिए करता है, वह अच्छा ही करता है। हमें उसके न्याय पर बच्चे मन से पूरा विश्वास करना चाहिए।

## नकारात्मक शक्तियों को आकर्षित करती हैं महिलाओं की ये आदतें

मान्यता है कि रात में इन कार्यों को करने से नकारात्मक शक्तियां आकर्षित हो सकती हैं और साथ ही धन की देवी मां लक्ष्मी भी अप्रसन्न हो सकती हैं। इसलिए यह जानना जरूरी है कि रात के समय महिलाओं को किन कामों से दूरी बनाए रखनी चाहिए।

### खुले बालों में सोना

महिलाओं को रात में बाल खोलकर सोने की सलाह नहीं दी जाती, खासकर जब वे अकेली सो रही हों। ऐसी मान्यता है कि खुले बाल नकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रित कर सकते हैं।

इत्र या परफ्यूम लगाकर सोना

रात के समय इत्र लगाकर बाहर जाना या सोना भी शुभ नहीं माना जाता। मान्यता है कि इसकी सुगंध नकारात्मक शक्तियों को आकर्षित कर सकती है, इसलिए रात में इसका प्रयोग न करें।

### इत्र या परफ्यूम लगाकर सोना

रात के समय इत्र लगाकर बाहर जाना या सोना भी शुभ नहीं माना जाता। मान्यता है कि इसकी सुगंध नकारात्मक शक्तियों को आकर्षित कर सकती है, इसलिए रात में इसका प्रयोग न करें।

### रात में बाल संवारना

कई महिलाएं सोने से पहले कंघी करती हैं, लेकिन शास्त्रों के अनुसार सूर्यास्त के बाद बालों को संवारना वर्जित माना गया है। ऐसा करने से मां लक्ष्मी की कृपा कम हो सकती है।

### वाद-विवाद से दूर रहें

रात के समय लड़ाई-झगड़ा या बहस करने से बचना चाहिए। वास्तव में, शाम के बाद ही ऐसे कार्यों से दूरी बना लेनी चाहिए। रात में किया गया विवाद न केवल नींद को प्रभावित करता है, बल्कि मानसिक तनाव और घर में नकारात्मक वातावरण भी बढ़ाता है।



## न्यूज इन ब्रीफ

### पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती

**नयी दिल्ली :** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को 10 जनवरी को दो बार बेहोश होने के बाद सोमवार को दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया, जहां उनका एमआरआई किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी और कहा कि उनकी अन्य जांच मंगलवार को की जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि 10 जनवरी को तड़के साढ़े तीन बजे 74 वर्षीय धनखड़ पर स्नानघर में दो बार बेहोशी छा गयी थी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''आज उन्हें एम्स ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें जांच के लिए भर्ती करने पर जोर दिया। वह रातभर अस्पताल में ही रहेंगे।'' धनखड़ पहले भी कई बार बेहोश हो चुके हैं, जिनमें कच्छ का रण, उत्तराखंड, केरल और दिल्ली की घटनाएं शामिल हैं जहां वह उपराष्ट्रपति के रूप में सार्वजनिक कार्यक्रमों में गए थे।

### न्यायालय ने महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव कराने की 31 जनवरी की समय सीमा 2 सप्ताह बढ़ायी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों की मतदान प्रक्रिया पूरी करने की समय सीमा को दो सप्ताह के लिए बढ़ा दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता बलबीर सिंह के माध्यम से प्रस्तुत याचिका के बाद समय सीमा बढ़ा दी, जिसमें कहा गया था कि आयोग ने 31 जनवरी से 10 दिनों के लिए समय बढ़ाने के वास्ते एक अंतरिम आवेदन दायर किया है। सिंह ने कहा कि अदालत ने पहले 31 जनवरी की समय सीमा तय की थी, लेकिन कुछ जिला परिषदों और पंचायतों के चुनाव होने हैं, इसलिए लगभग 10 और दिनों की आवश्यकता है।

### रविवार के दिन पेश किया जाएगा बजट : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले वित्त वर्ष के लिए आम बजट एक फरवरी को पेश करेंगी जो रविवार का दिन है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को यह घोषणा की। सीतारमण का यह नौवां बजट होगा, जो पूर्व वित्त मंत्री मोरारजी देसाई द्वारा प्रस्तुत 10 बजट से एक कम है। संसद के बजट सत्र की शुरुआत 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसद की संयुक्त बैठक में अभिभाषण के साथ होगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सीतारमण दोनों सदनों में आर्थिक समीक्षा प्रस्तुत कर सकती हैं। वह एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी, जिसे सरकार ने बजट दिवस घोषित किया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने हाल में बताया था कि बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होकर दो अप्रैल तक चलेगा।

### बीड: बेटे को नहीं जन्म देने के कारण प्रताड़ित की जा रही महिला ने आत्महत्या की

**बीड :** महाराष्ट्र के बीड जिले में बेटे को जन्म नहीं देने पर कथित तौर पर पति और ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित की जा रही 25 वर्षीय महिला ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार दोपहर कैज तहसील के उंदरी गांव में हुई घटना के संबंध में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि तीन बेटियों की मां अरुणा उद्धव थोम्बारे ने कथित तौर पर अपने घर में छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। लातूर जिले की रहने वाली अरुणा ने अगस्त 2019 में उद्धव से शादी की थी और इस दंपति की पांच साल की एक बेटी और चार साल की जुड़वां बेटियां हैं।

### बीएसएफ शिविर में आग लगने से जवान की मौत

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के शिविर के अंदर एक इमारत में आग लगने से बल के एक जवान की मौत हो गई है। अधिकारियों ने यह सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक जवान की पहचान कांस्टेबल रमेश कुमार के रूप में हुई है, जो कपड़े धोने का काम करता था।

# देश का 'जेन जी' सृजनशीलता से भरा, सरकार को उसके सामर्थ्य पर पूरा भरोसा है : प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत का 'जेन जी' सृजनात्मकता और ऊर्जा से भरा हुआ है और उसे जोखिम लेने से पीछे नहीं हटना चाहिये, क्योंकि सरकार को उसके सामर्थ्य पर पूरा भरोसा है 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद' के समापन समारोह में देश विदेश से आये युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, '' बहुत कम समय में यह संवाद इतना बड़ा मंच बन गया है, जहां देश के विकास की दिशा तय करने में युवाओं की सीधी भागीदारी होती है।'' उन्होंने कहा ,'' दुनिया के अनेक देशों में थिंकटैंक शब्द प्रचलित है। इसकी चर्चा होती है और इसका प्रभाव भी बहुत होता है। मैंने आज जो प्रेजेंटेशन देखे और जिस तरह से कड़ी प्रतिस्पर्धाओं के बाद आप यहां तक आये हैं, इसने दुनिया में अनोखी थिंकटैंक के रूप में जगह बनाई है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा ,'' जिन विषयों पर आपने चर्चा की है, खासकर महिला नीति विकास और लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जैसे गंभीर विचारों पर प्रस्तुति प्रशंसनीय है। यह दिखाता है कि भारत में जेन जी का मिजाज क्या है। भारत का जेन जी कितनी सृजनात्मकता से भरा हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''कोई भी क्षेत्र हो, आपके लिये अनंत संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। आप अपने सुझावों के साथ आगे बढ़िये, जोखिम लेने से पीछे मत हटिये। सरकार कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ चल रही है। पिछले एक दशक में जो रिफॉर्म की शुरूआत हमने की है, वह रिफॉर्म एक्सप्रेस बन गई है और उसके केंद्र में युवाशक्ति है।'' उन्होंने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाई जाती है और 'राष्ट्र सर्वप्रथम' की भावना के साथ जीने के लिये उनका जीवन प्रेरणास्पद है। उन्होंने कहा ,'' स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी हर युवा के लिये प्रेरणा हैं। हमारे जीवन का लक्ष्य क्या है, कैसे हम राष्ट्र सर्वप्रथम की भावना के साथ अपना जीवन जियें। इस दिशा में स्वामी विवकानंद का जीवन हमारे लिये प्रेरक है। उनका स्मरण करते हुए हम हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हैं और इस दिन को भी विकसित भारत युवा संवाद के लिये चुना गया है।''

## मोदी और मर्ज़ ने 'पतंग कूटनीति' में भाग लिया

### जर्मन चांसलर ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी



**अहमदाबाद :** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने सोमवार को अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम का दौरा किया और महात्मा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के नायक की शिक्षाओं की आज पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है। भारत की अपनी पहली यात्रा पर आए मर्ज ने इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पतंग उड़ाई। मर्ज ने कहा कि महात्मा गांधी की विरासत भारतीयों और जर्मनों को दोस्तों के रूप में एकजुट करती है। प्रधानमंत्री मोदी और जर्मनी के चांसलर मर्ज ने सोमवार सुबह अहमदाबाद में साबरमती आश्रम पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने गुजरात के प्रसिद्ध पतंग महोत्सव का उद्घाटन किया। जर्मन चांसलर ने गांधीनगर शहर के पास स्थित प्रतिष्ठित बावड़ी 'अडालज नी वाव' का भी दौरा किया। मर्ज़ के आगमन से कुछ मिनट पहले आश्रम पहुंचे मोदी ने जर्मन चांसलर का वहां पहुंचने पर स्वागत किया। राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद दोनों नेताओं ने आश्रम के अंदर एक कमरे 'हृदय कुंज' का दौरा किया, जहां भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी और उनकी पत्नी कस्तूरबा रहते थे। आश्रम में मर्ज ने यह भी देखा कि कैसे 'चरखे' का उपयोग करके खादी का सूत काता जाता है। आश्रम की आगंतुक पुस्तिका में एक नोट में मर्ज ने कहा, ''प्रत्येक व्यक्ति की स्वतंत्रता और गरिमा की शक्ति में महात्मा गांधी का अटूट विश्वास आज भी हमें प्रेरित करता है। यह विरासत भारतीयों और जर्मनों को एक ऐसी दुनिया में दोस्तों के रूप में एकजुट करती है, जिसे गांधी की शिक्षाओं की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता हो सकती है।''

## कोयला लेवी से प्राप्त राशि का इस्तेमाल चुनाव खर्च व नेताओं को रिश्वत देने के लिए किया गया: ईडी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान कथित अवैध कोयला लेवी घोटाले से प्राप्त 540 करोड़ रुपये की वसूली राशि का एक हिस्सा चुनाव संबंधी खर्चों को पूरा करने और राजनीतिक दलों के नेताओं और नौकरशाहों को रिश्वत देने के लिए इस्तेमाल किया गया था। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में उप सचिव के पद पर कार्यरत रहीं निलंबित राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया और एक अन्य व्यक्ति की कुल 2.66 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई इन आरोपों के संबंध में धन शोधन की जांच के तहत की गई है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कुल आठ अचल संपत्तियों, भूमि भूखंडों और आवासीय फ्लैटों को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इन संपत्तियों को मामले के आरोपियों – चौरसिया और निखिल चंद्राकर – ने कोयला लेवी की अवैध वसूली और अन्य जबरन वसूली गतिविधियों से उत्पन्न अपराध की आय से अपने रिश्तेदारों के नाम पर खरीदा था। इसमें कहा गया है कि कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 2.66 करोड़ रुपये है। यह मामला इन आरोपों से संबंधित है कि छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेताओं और नौकरशाहों के साथ सक्रिय मिलीभगत से निजी व्यक्तियों के एक समूह ने जुलाई 2020 से जून 2022 के दौरान कोयला ट्रांसपोर्टरों से 25 रुपये प्रति टन की दर से वसूली करने के लिए एक गिरोह बनाया था।

## भीषण ठंड गुर्दे, फेफड़े और हृदय को कर सकती है प्रभावित: चिकित्सक



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में भीषण शीत लहर के बीच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों ने चेतावनी दी है कि इस तरह की अत्यधिक ठंड पुरानी बीमारियों को और जटिल बना सकती है तथा गुर्दे, फेफड़े एवं हृदय को प्रभावित कर सकती है। सोमवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.7 डिग्री अधिक था, जबकि न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम के औसत से 4.2 डिग्री कम था। एम्स के हृदयरोग विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग ने कहा कि अत्यधिक ठंड का मौसम व्यक्ति के रक्तचाप को सीधे प्रभावित करता है। उन्होंने कहा, ''सर्दियों के दौरान रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं और लोग पानी भी कम पीने लगते हैं, जिससे रक्त प्रवाह पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और रक्तचाप बढ़ जाता है। साथ ही, इस दौरान नमकीन और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन भी बढ़ जाता है। इन सभी कारणों से रक्तचाप बढ़ सकता है, जिससे दिल के दौरे का खतरा बढ़ जाता है।'' डॉ. नारंग ने सर्दियों के दौरान नियमित रूप से रक्तचाप की निगरानी करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लोगों को ठंड के मौसम में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। अत्यधिक ठंड की स्थिति का किडनी पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बात करते हुए, एम्स के 'नेफ्रोलॉजी (वृक्कविज्ञान)' विभाग के प्रोफेसर डॉ. संदीप महाजन ने कहा कि अत्यधिक ठंड के दौरान रक्तचाप बढ़ने लगता है तथा चूंकि वृक्क की बीमारी से ग्रस्त (सीकेडी) कई मरीजों को पहले से ही उच्च रक्तचाप की समस्या होती है, इसलिए सर्दियों के महीनों में रक्तचाप का स्तर अक्सर अधिक रहता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मन चांसलर मर्ज़ के समक्ष अरिहा शाह का मुद्दा उठाया

**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के समक्ष भारतीय बच्ची अरिहा शाह का मुद्दा उठाया, जो चार साल से अधिक समय से बर्लिन में एक संरक्षण गृह में रह रही है। जर्मन अधिकारियों ने 23 सितंबर, 2021 को यह आरोप लगाते हुए अरिहा को अपने संरक्षण में ले लिया था कि उसके माता-पिता उसे परेशान करते थे। उस समय वह सात महीने की थी। केंद्र सरकार जर्मन अधिकारियों पर बच्ची को जल्द से जल्द लौटाने के लिए दबाव डाल रही है। केंद्र सरकार का तर्क है कि बच्ची के लिए अपने भाषाई, धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक वातावरण में रहना महत्वपूर्ण है। एक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि अहमदाबाद में दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत के दौरान मोदी ने यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा, यह एक बेहद संवेदनशील मुद्दा है और हम इस पर जर्मन पक्ष के साथ लंबे समय से चर्चा करते आ रहे हैं – बर्लिन स्थित सरकार के साथ भी और नयी दिल्ली स्थित दूतावास के साथ भी। मिसरी ने कहा, एक समय यह कानूनी मुद्दा था, अब हमें इसे मानवीय मुद्दे के रूप में देखना चाहिए। हम परिवार के दर्द और कठिनाइयों से अवगत हैं और हम हर तरह से उनकी मदद करने की कोशिश कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री यादव 14 जनवरी को पांच दिवसीय श्रीमहाकाल महोत्सव का उद्घाटन करेंगे

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के उज्जैन में पांच दिवसीय 'श्रीमहाकाल महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री मोहन यादव 14 जनवरी को करेंगे। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, 18 जनवरी तक होने वाले इस महोत्सव में सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक शंकर महादेवन और गायिका सोना महापात्रा जैसे कई नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री यादव 14 जनवरी को शाम सात बजे उज्जैन स्थित श्रीमहाकाल महालोक में पांच दिवसीय 'श्रीमहाकाल महोत्सव' का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव श्रीमहाकाल महालोक और त्रिवेणी संग्रहालय के प्रांगण में कला, संगीत एवं वैचारिक विमर्श का अनूठा संगम होगा। वीर भारत न्यास और श्रीमहाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

### उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक सरकार को 30 जून तक बेंगलुरु नगर निकाय चुनाव कराने के दिए निर्देश

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कर्नाटक सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग को बेंगलुरु स्थानीय निकाय चुनावों को 30 जून तक कराने का निर्देश दिया। बृहत् बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के इससे पहले निर्वाचित निकाय का कार्यकाल 10 सितंबर 2020 को समाप्त हो गया था और तब से सरकार द्वारा नियुक्त एक प्रशासक पर इसकी देखरेख का जिम्मा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी की पीठ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वार्ड-वार आरक्षण की अंतिम सूची 20 फरवरी तक प्रकाशित की जाएगी और यह स्पष्ट कर दिया कि आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।

## न्यायालय ने कोयला घोटाला मामलों की सुनवाई के लिए सुनैना शर्मा को विशेष न्यायाधीश नियुक्त किया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा की अधिकारी सुनैना शर्मा को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच किए जा रहे कोयला घोटाला मामलों की सुनवाई करने के लिए नियुक्त किया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेष लोक अभियोजक और वरिष्ठ अधिवक्ता आर एस चीमा की इन दलीलों पर गौर किया कि मौजूदा विशेष सीबीआई न्यायाधीश संजय बंसल को 8 अप्रैल 2025 को छह महीने की अवधि के लिए पद पर बने रहने की अनुमति दी गई थी। चीमा ने कहा कि तब से आठ महीने से अधिक समय बीत चुका है और पीठासीन अधिकारी अब कोयला घोटाला मामलों में सुनवाई करने के कार्य से मुक्त किये जाने का अनुरोध कर रहे हैं। पीठ ने उल्लेख किया कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने बंसल के स्थान पर तीन न्यायिक अधिकारियों के नामों की एक सूची प्रस्तुत की है। प्रधान न्यायाधीश ने आदेश दिया, ''हम सुनैना शर्मा को विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम /सीबीआई/कोयला ब्लॉक आवंटन मामलों के लिए) नियुक्त करते हैं। उच्च न्यायालय किसी भी आपात स्थिति में उपरोक्त न्यायाधीश के स्थान पर किसी और की नियुक्ति करने के लिए स्वतंत्र है।''

## डीआरडीओ ने मानव-चालित टैंक-रोधी मिसाइल का सफल परीक्षण किया



**नयी दिल्ली :** महाराष्ट्र के अहिल्या नगर स्थित फायरिंग रेंज में मानव-चालित टैंक रोधी गाइडेड मिसाइल के एक नये संस्करण का सफल परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ''सर्वोत्तम आक्रमण क्षमता'' वाले इस हथियार तंत्र का परीक्षण अस्थिर लक्ष्य पर किया गया। मंत्रालय ने बताया, ''तीसरी पीढ़ी की फायर एंड फॉरगेट मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीएटीजीएम) का केके रेंज, अहिल्या नगर में अस्थिर लक्ष्य पर सफल परीक्षण किया गया।'' रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा रविवार को मिसाइल का परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह मिसाइल आधुनिक मुख्य युद्धक टैंकों को नष्ट करने में सक्षम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और उद्योग भागीदारों की सराहना की।

## अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़

### बिहार, केरल, ओडिशा के लोगों को गिरफ्तार किया गया

**भुवनेश्वर :** भुवनेश्वर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया, जिसमें 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने रविवार को शहर के बड़ागाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र में एक मकान पर छापा मारा और आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में से सात बिहार के, चार केरल के और एक ओडिशा का था। उन्होंने कहा कि गिरोह द्वारा की गई धोखाधड़ी में शामिल कुल धनराशि का पता लगाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त एस देव दत्त सिंह ने कहा, ''हमने 30 साधारण कीपैड मोबाइल फोन, 30 स्मार्टफोन, दो लैपटॉप, स्क्रैच कार्ड और कुछ पत्र जब्त किए हैं।'' उन्होंने बताया, ''आरोपी भुवनेश्वर में एक बड़ा साइबर धोखाधड़ी गिरोह चला रहे थे।'' भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जगमोहन मीना ने कहा कि गिरोह लोगों को तीन तरह से धोखा देता था – उपहार वाउचर, लॉटरी टिकट और ऋण के माध्यम से। उन्होंने बताया कि गिरोह ने अलग-अलग राज्यों के लोगों से ठगी की है।

## मिजोरम में 2025 में टीबी से 145 मौत, पिछले छह वर्षों में सबसे अधिक

**आइजोल :** मिजोरम में साल 2025 में तपेदिक (टीबी) से कुल 145 लोगों की मौत हुई है, जो पिछले छह वर्षों में सबसे अधिक संख्या है। मिजोरम में आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। मिजोरम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम के अनुसार, साल के दौरान कुल 2,275 लोग इस बीमारी से ग्रसित पाए गए, जिनमें 911 महिलाएं शामिल हैं। यह 2024 के 2,291 मामलों की तुलना में मामूली गिरावट है। आंकड़ों के मुताबिक, इन 2,275 नए मामलों में से 1,900 मामले सरकारी केंद्रों में रिपोर्ट हुए, जबकि शेष 375 मामले निजी केंद्रों में सामने आए। राज्य में 2020 के बाद से तपेदिक से होने वाली मौतों में लगातार वृद्धि हुई है। जहां 2020 में 31 लोगों की मौत हुई थी, वहीं यह संख्या 2021 में बढ़कर 46, 2022 में 87, 2023 में 119 और 2024 में 136 हो गई। आंकड़ों के अनुसार, 2025 में मिले 2,275 नए मामलों में से 146 लोगों में 'मल्टी-ड्रग-रेसिस्टेंट' तपेदिक (एमडीआर-टीबी) की पुष्टि हुई और 267 लोग तपेदिक और एचआईवी/एड्स दोनों से पीड़ित पाए गए। नए मरीजों में 141 लोग 14 साल से कम उम्र के थे। कुल मिलाकर 84 प्रतिशत मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया।

## दुनिया भर में धूमधाम से मनाया गया प्रवासी भारतीय दिवस



**नयी दिल्ली :** प्रवासी भारतीय दिवस 9 जनवरी को भारत सहित विश्वभर में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशों में रह रहे भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रवासी भारतीय भारत और दुनिया के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभा रहे हैं। दुनिया के विभिन्न देशों में स्थित भारतीय दूतावासों और मिशनों ने सांस्कृतिक, संवादात्मक और उद्यमिता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए। जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने भव्य आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग शामिल हुए। वहीं शंघाई स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने भारतीय उद्यमिता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नवाचार को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने लगभग 3.5 करोड़ एनआरआई और भारतीय मूल के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका योगदान भारत की वैश्विक पहचान को सशक्त बना रहा है। यह दिवस 9 जनवरी 1915 को महात्मा गांधी की दक्षिण अफ्रीका से भारत वापसी की स्मृति में मनाया जाता है और भारतीय प्रवासियों के आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करता है।

## इंदौर पेयजल त्रासदी : 4,800 से ज्यादा लोगों की जांच, डायरिया के 12 नये मरीज मिले

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पेयजल से फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप की रोकथाम में जुटे स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को 4,800 से ज्यादा लोगों की जांच की और डायरिया के 12 नये मरीज स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकोप से प्रभावित भागीरथपुरा इलाके में जारी सर्वेक्षण के दौरान 4,827 लोगों के स्वास्थ्य की अलग-अलग जांचें की गईं। उन्होंने बताया कि भागीरथपुरा में 12 नये मरीज स्वास्थ्य केंद्रों के बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में पहुंचे जिनमें से तीन लोगों को अस्पतालों में भेजा गया। अधिकारियों के मुताबिक भागीरथपुरा में 29 दिसंबर से उल्टी-दस्त का प्रकोप शुरू होने के बाद अब तक अस्पतालों में कुल 434 मरीजों को भर्ती किया गया जिनमें से 395 लोगों को स्वस्थ होने पर छुट्टी दे दी गई है।

# हिमाचल प्रदेश : भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत, लापता 6 नेपालियों की तलाश जारी



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में सोलन जिले के अर्की बाजार के पुराने बस स्टैंड इलाके में भीषण आग लगने से आठ वर्षीय एक लड़के समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक रविवार देर रात लगी आग में कई दुकानें और इमारतें जलकर खाक हो गईं, जहां छह लोगों के फंसे होने की आशंका को देखते हुए बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि मारे गए तीनों लोग और मलबे में फंसे छह अन्य व्यक्ति नेपाली नागरिक हैं, जो नेपाल के कर्णाली प्रांत के सल्यान जिले के हैं। प्रभावित नौ लोगों में पांच नाबालिग शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह के अनुसार, अब तक घटनास्थल से तीन शव बरामद किए गए हैं। सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि आग रविवार देर रात करीब 2.45 बजे लगी थी और इसके पीछे के कारण का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आग लकड़ी से बनी एक इमारत से शुरू हुई और आस-पास की अन्य इमारतों तक फैल गई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है तथा उपायुक्त को तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू करने का निर्देश दिया है। मौके पर मौजूद स्थानीय विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि इस घटना में 10 से 15 दुकानों और घरों को काफी नुकसान हुआ है। अवस्थी ने कहा कि आग किस वजह से लगी, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। अर्की, सोलन, नालागढ़ और शिमला के बोइलुगंज से दमकल की गाड़ियां भेजी गईं। आग पर काबू पा लिया गया है। आग पर काबू पाने में अंबुजा संयंत्र से भी मदद मिली।

### अमेरिका द्वारा जब्त रूसी टैंकर के चालक दल में हिमाचल का युवक भी शामिल

**शिमला :** अमेरिका द्वारा हाल ही में जब्त किए गए रूसी ध्वज वाले एक टैंकर के चालक दल में शामिल तीन भारतीयों में से एक हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के 26 वर्षीय मर्चेंट नेवी अधिकारी हैं और उनके परिवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनकी सुरक्षित भारत वापसी कराने के लिए अपील की है। परिजनों के अनुसार, रक्षित चौहान को उनके रूसी नियोक्ता द्वारा पहले समुद्री असाइनमेंट के तहत वेनेजुएला भेजा गया था। वह 28 सदस्यीय चालक दल वाले 'मैरिनेरा' टैंकर में सवार थे, जिसे अमेरिकी तटरक्षक बल ने सात जनवरी को उत्तरी अटलांटिक महासागर में जब्त कर लिया। रक्षित की मां रीता देवी ने रविवार को प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा, कृपया मेरे बेटे रक्षित की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करें।

## साइबर ठगों ने साल भर में दिल्ली में 1,250 करोड़ रुपये की ठगी की

**नयी दिल्ली :** साइबर ठगों ने दिल्ली क्षेत्र में पिछले एक साल में भोले-भाले लोगों से कुल 1,250 करोड़ रुपये की ठगी की। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। देशव्यापी आंकड़ा लगभग 20,000 करोड़ रुपये या किसी राज्य के बजट के बराबर होने का अनुमान है। पिछले हफ्ते दिल्ली की ग्रेटर कैलाश कॉलोनी में एक बुजुर्ग दंपति के साथ 14.85 करोड़ रुपये की ठगी हुई थी। पुलिस ने बताया कि 2024 में अपराधियों ने – जो आमतौर पर कंबोडिया, वियतनाम और लाओस में स्थित हैं और ज्यादातर चीनी आकाओं के इशारे पर काम करते हैं – दिल्ली में सामूहिक रूप से 1,100 करोड़ रुपये की ठगी की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 1,250 करोड़ रुपये हो गया। अच्छी बात यह है कि ठगी की रकम वापस हासिल करने की भी दर 2024 के 10 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 24 प्रतिशत हो गई। यह बात 81 वर्षीय ओम तनेजा और उनकी पत्नी इंदिरा (77) के लिए थोड़ी राहत भरी है, जिन्हें 16 दिनों की अवधि में 'साइबर अरेस्ट' के जरिये ठगा गया। तनेजा ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''हमने जीवन भर की सारी बचत गंवा दी। साइबर ठगों ने हमें बार-बार गिरफ्तारी और गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी।'' उन्होंने कहा कि खुद को दूरसंचार विभाग का कर्मचारी बताते हुए एक व्यक्ति ने उनकी पत्नी को व्हाट्सएप पर फोन किया। फोन करने वाले और उसके साथियों ने यह कहकर कि उनकी पत्नी का फोन अवैध गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, दंपति को डरा कर अपने जाल में फंसा लिया। इस मामले के मद्देनजर, एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने ऐसे जालसाजों के तौर-तरीकों को समझाते हुए बताया कि 'डिजिटल अरेस्ट' के मामले, निवेश धोखाधड़ी के साथ, उन दो सबसे आम तरीकों के रूप में उभरे हैं जिनमें लोग अपनी गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं।

# आईसीसी ने भारत में सुरक्षा चिंताओं को लेकर बांग्लादेश के नवीनतम दावों को खारिज किया




**ढाका/नयी दिल्ली:** बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने सोमवार को दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टी20 विश्व कप के लिए भारत जाने को लेकर उनके देश की विशिष्ट सुरक्षा चिंताओं को मान लिया है लेकिन खेल की वैश्विक संचालन संस्था ने उनके इस दावे को 'सरासर झूठ' बताया है। बांग्लादेश ने सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए भारत का दौरा करने में हिचकिचाहट दिखाई है और सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अपने मैच सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग की है। यह तब हुआ जब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों पर तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर कर दिया गया जिसके पीछे बीसीसीआई ने कुछ घटनाक्रमों को कारण बताया था। स्थानीय समाचार पत्र 'डेली स्टार' के अनुसार नजरुल ने ढाका में प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे आपको बताना है कि आईसीसी की सुरक्षा टीम और सुरक्षा के प्रभारी ने (बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड) एक पत्र भेजा है। उस पत्र में कहा गया है कि तीन चीजों से बांग्लादेश टीम के लिए सुरक्षा का खतरा बढ़ जाएगा।' उन्होंने कहा, 'पहला अगर मुस्ताफिजुर (रहमान) को बांग्लादेश टीम में शामिल किया गया। दूसरा, अगर बांग्लादेश टीम के समर्थक बांग्लादेश की राष्ट्रीय जर्सी पहनकर आसपास पैदल चलेंगे और तीसरा, चुनावों (बांग्लादेश में) के करीब आने के साथ बांग्लादेश टीम के लिए सुरक्षा का खतरा बढ़ जाएगा।' आईसीसी ने स्वीकार किया कि उसने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से संपर्क किया है लेकिन नजरुल के दावे से इनकार किया कि उसने बांग्लादेश की चिंताओं को स्वीकार किया है। आईसीसी के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'आईसीसी की तरफ से बीसीबी को भारत में सुरक्षा के बारे में एक आंतरिक संवाद भेजा गया है। लेकिन आसिफ नजरुल ने जो कहा वह सरासर झूठ है। आईसीसी के संवाद में कभी यह जिक्र नहीं किया गया कि मुस्ताफिजुर का चयन एक मुद्दा होगा।' उन्होंने कहा, 'यह पूरी तरह से झूठ है। औपचारिक संवाद में कभी ऐसा परामर्श नहीं दिया गया।'' टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका के अलग-अलग स्टेडियम में खेला जाएगा।

## भारतीय टीम प्रबंधन मुझे एक ऑलराउंडर के रूप में तैयार करना चाहता है: राणा




**वडोदरा:** यह तो अब जगजाहिर हो चुका है कि भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर को ऑलराउंडरों से विशेष लगाव है और तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने पुष्टि की है कि टीम प्रबंधन ने उनसे अपने बल्लेबाजी कौशल में सुधार करने के लिए कहा है। राणा ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में भारत की चार विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट किया और फिर जब भारत लक्ष्य का पीछा करते हुए थोड़ा मुश्किल स्थिति में था तब 23 गेंदों में 29 रन बनाए। राणा ने चोटिल वाशिंगटन सुंदर से पहले बल्लेबाजी की। राणा ने मैच के बाद यहां पत्रकारों से कहा, 'टीम प्रबंधन मुझे एक ऑलराउंडर के रूप में तैयार करना चाहता है और मैं इस पर लगातार काम कर रहा हूं। मैं अभ्यास सत्र के दौरान अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। यह आत्मविश्वास का मामला था जिसमें केएल (राहुल) भाई ने मेरी मदद की।'' प्रमुख ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के वनडे के लिए उपलब्ध न होने के कारण पहले वनडे के लिए भारतीय टीम में रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन दोनों शामिल थे। भारत ने पिछले कुछ समय में अंतिम एकादश में अधिक ऑलराउंडर को रखने को प्राथमिकता दी है जिसके कारण गंभीर को आलोचना का सामना भी करना पड़ा है। राणा ने कहा, 'मेरी टीम चाहती है कि मैं ऑलराउंडर के तौर पर आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करूं। मैं अभ्यास सत्र के दौरान जितना संभव हो सके उसे पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मुझे विश्वास है कि जरूरत पड़ने पर मैं निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए 30-40 रन बना सकता हूं और टीम प्रबंधन भी यही मानता है कि मैं ऐसा कर सकता हूं।'

## अपने बल्ले से जवाब देते हैं कोहली : श्रेयस अय्यर



**वडोदरा:** भारतीय उपकप्तान श्रेयस अय्यर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि यह चैम्पियन क्रिकेटर बरसों से अपने बल्ले से जवाब दे रहा है जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के पहले मैच में खेली गई शानदार पारी शामिल है। कोहली ने 91 गेंद में 93 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने 301 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट से जीत दर्ज की। इस पारी के दौरान कोहली सबसे तेजी से 28000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने जबकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के बाद उनके सर्वाधिक रन हो गए हैं। अय्यर ने बीसीसीआई द्वारा डाले गए वीडियो में कहा ,'उनकी पारी के बारे में जितना भी बोलें, कम होगा। हम इतने सालों से देख रहे हैं और वह लगातार कर रहे हैं। जिस तरह से वह स्ट्राइक रोटेट करते हैं और गेंदबाजों की धुनाई करते हैं, वह अपने बल्ले से ही जवाब देते हैं।' चोट के बाद वापसी कर रहे अय्यर ने कहा ,'श्रृंखला की शुरूआत जीत के साथ करके अच्छा लगा। टीम में काफी समय बाद लौटा हूं और बहुत अच्छा लग रहा है। सभी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना शानदार अनुभव है। मुझे इसकी कमी खल रही थी और वापसी करके बहुत अच्छा लग रहा है।'

## हैरिस ने आरसीबी को यूपी वारियर्स पर नौ विकेट से जीत दिलाई




**नवी मुंबई :** ग्रेस हैरिस के 40 गेंद में 85 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को यूपी वारियर्स को नौ विकेट से हरा दिया । यूपी वारियर्स ने डिएंड्रा डोटिन और दीप्ति शर्मा की पारियों के दम पर शीर्षक्रम की नाकामी से उबरते हुए पांच विकेट पर 143 रन बनाये थे । जवाब में हैरिस ने सत्र का सबसे तेज अर्धशतक 22 गेंद में पूरा किया । उन्होंने अपनी पारी में दस चौके और पांच छक्के जड़े । लगातार दूसरी जीत के साथ पूर्व चैम्पियन आरसीबी अब तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है । कप्तान स्मृति मंधाना ने 32 गेंद में नौ चौकों की मदद से नाबाद 47 रन बनाये जिसमें नौ चौके शामिल थे । दोनों ने पहले विकेट के लिये 137 रन की साझेदारी करके मुकाबले को एकतरफा बना दिया । आरसीबी ने 12.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया । आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैरिस ने डोटिन के एक ओवर में 32 रन ले डाले जो निर्णायक साबित हुए । उन्होंने पहले नोबॉल पर चौका लगाया जिसके बाद तीन छक्के और दो चौके जड़े ।

### गुजरात जायंट्स की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा मुंबई इंडियंस को

**नवी मुंबई:** अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली गुजरात जायंट्स की टीम अपने बल्लेबाजों के अच्छे खेल के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। जायंट्स का बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत है जिसकी बानगी उसके पहले दो मैच में देखने को मिली। इन दोनों मैच में उसने 200 से अधिक रन का स्कोर खड़ा करके जीत हासिल की। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को मिली जीत से उसका आत्मविश्वास बढ़ना तय है क्योंकि सोफी डिवाइन ने शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में 95 रन की शानदार पारी खेली और इसके बाद उसके गेंदबाजों ने अपने बड़े स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया।

## देसाई का शतक, उत्तर प्रदेश को हराकर सौराष्ट्र सेमीफाइनल में



**बेंगलुरु:** कप्तान हार्विक देसाई के नाबाद शतक से सौराष्ट्र ने सोमवार को यहां उत्तर प्रदेश को वर्षा से बाधित मैच में वीजेडी पद्धति के तहत 17 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। चोटिल ऋषभ पंत की जगह भारतीय टीम में जगह बनाने वाले ध्रुव जुरेल की गैरमौजूदगी में उत्तर प्रदेश ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर आठ विकेट पर 310 रन बनाए। इसके जवाब में जब सौराष्ट्र ने 40.1 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया और सौराष्ट्र को वी जयदेवन (वीजेडी) पद्धति के तहत विजेता घोषित किया गया। सौराष्ट्र की ओर से कप्तान देसाई ने 116 गेंद में नाबाद 100 रन बनाए। उन्होंने प्रेरक मांकड़ (66 गेंद में 67 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन की पारी खेली। देसाई ने इसके बाद चिराग जानी (नाबाद 40, 31 गेंद) के साथ चौथे विकेट के लिए 76 रन की अटूट साझेदारी की। देसाई ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के मारे। उत्तर प्रदेश की टीम ग्रुप बी में अपने सभी लीग मैच जीतकर शीर्ष पर रही थी जबकि सौराष्ट्र ने ग्रुप डी में सात में से पांच मैच जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया था।

## वाशिंगटन न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर, बडोनी पहली बार सीनियर टीम में शामिल



**नयी दिल्ली:** भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर पसली में चोट लगने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह आयुष बडोनी को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। वाशिंगटन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पांच ओवर में 27 रन दिए और न्यूजीलैंड की पारी के बीच में ही मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद वह क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर नहीं उतरे। वह बाद में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। भारत ने यह मैच चार विकेट से जीता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा, 'न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में खेले गए पहले वनडे के दौरान गेंदबाजी करते समय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को अपनी बायीं पसली के निचले हिस्से में तेज दर्द महसूस हुआ।' बयान में कहा गया है, 'उनका स्कैन किया जाएगा, जिसके बाद बीसीसीआई की मेडिकल टीम विशेषज्ञों की राय लेगी। वाशिंगटन श्रृंखला के बाकी बचे दो मैच में नहीं खेल पाएंगे।' बयान के अनुसार, 'पुरुष टीम की चयन समिति ने उनके स्थान पर आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है। बडोनी बुधवार को राजकोट में टीम से जुड़ेंगे जहां दूसरा वनडे मैच खेला जाएगा।'



# शेयर बाजार ने पांच दिनों की गिरावट का सिलसिला तोड़ा, सेंसेक्स 302 अंक मजबूत




**मुंबई:** पिछले पांच कारोबारी सत्रों में भारी गिरावट के बाद सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स में 302 अंक की तेजी रही जबकि एनएसई निफ्टी 107 अंक चढ़ गया। कारोबारियों ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर नई उम्मीद जगने और ऊर्जा, बैंकिंग एवं धातु शेयरों में निचले स्तरों पर खरीदारी आने से बाजार को सहारा मिला। हालांकि भू-राजनीतिक तनाव और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने तेजी को सीमित रखा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बाद 301.93 अंक यानी 0.36 प्रतिशत चढ़कर 83,878.17 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में एक समय यह 715.17 अंक गिरकर 82,861.07 अंक तक फिसल गया था लेकिन बाद में यह संभला और बढ़त लेने में सफल रहा। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 106.95 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,790.25 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 209.9 अंक गिरकर 25,473.40 अंक तक आ गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। इसके उलट, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो और एचडीएफसी बैंक के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए।

## बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की केसर तकनीक को मिला पेटेंट, अब कहीं भी संभव होगी केसर की खेती



**पटना:** केसर की खेती अब कश्मीर तक ही सीमित नहीं रहेगी। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर द्वारा कृषि जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकसित एक नवीन तकनीक के तहत नियंत्रित वातावरण में केसर की खेती कहीं भी की जा सकेगी। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नवाचार 'ए ग्रोथ मीडिया कंपोजीशन फॉर रैपिड इन-विट्रो डायरेक्ट ऑर्गेनोजेनेसिस ऑफ सैफ्रन' को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा नौ जनवरी 2026 को पेटेंट प्रदान किया गया है। राज्य के कृषि विभाग ने यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि यह तकनीक प्रयो-गशाला में केसर के पौधों के अंगों को तेजी से विकसित करने के लिए तैयार किए गए विशेष पोषक माध्यम पर आधारित है, जिससे कम समय में बड़ी संख्या में गुणवत्तापूर्ण, रोगमुक्त और समान गुणों वाले पौधे तैयार किए जा सकते हैं। बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि केसर दुनिया के सबसे महंगे मसालों में से एक है, जिसकी खेती अब तक मुख्य रूप से सीमित भौगोलिक क्षेत्रों तक केंद्रित रही है। बदलते जलवायु परिदृश्य तथा संरक्षित खेती और जैव-प्रौद्योगिकी आधारित तकनीकों के माध्यम से अब केसर की खेती को गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में भी अपनाने की संभावनाएं विकसित हो रही हैं।

## मोबाइल फोन उत्पादन 2025-26 के अंत तक 75 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान: आईसीईए



**नयी दिल्ली:** उद्योग संगठन आईसीईए ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक देश में मोबाइल फोन उत्पादन 75 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें 30 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात शामिल होगा। इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज महेंद्रू ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में मजबूत वृद्धि दर्ज की है, जो 2025 में 133 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इस दौरान निर्यात में तेजी से विस्तार जारी रहा। उन्होंने कहा, ''मोबाइल फोन पीएलआई योजना 2025-26 के दौरान भी जारी रही, और मार्च 2026 में इसका आगामी समापन इस क्षेत्र के लिए एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। इस योजना के तहत भारतीय मोबाइल उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है और हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत 75 अरब डॉलर के मोबाइल उत्पादन और 30 अरब डॉलर से अधिक के निर्यात के स्तर तक पहुंच जाएगा।''

## युवाओं के रोजगार में 2026 तक 11 प्रतिशत वृद्धि की संभावना




**मुंबई:** वैश्विक डिजिटल प्रतिभा समाधान प्रदाता एनएलबी सर्विसेज ने सोमवार को कहा कि भारत में युवाओं की भर्ती 2026 तक 11 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। इस दौरान आईटी सेवाओं, फिनटेक और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में लगभग 1.28 करोड़ नौकरियां सृजित होंगी। हालांकि इसके लिए एआई कुशल और भविष्य के अनुकूल कार्यबल की बढ़ती मांग को पूरा करना जरूरी है। एनएलबी सर्विसेज के सीईओ सचिन अलग ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों का वितरण अलग-अलग होने की संभावना है। इसमें आईटी सेवाओं की हिस्सेदारी लगभग 30-40 प्रतिशत, विनिर्माण की लगभग 12 प्रतिशत, स्वास्थ्य सेवा की लगभग 13 प्रतिशत, फिनटेक की लगभग 20 प्रतिशत, लॉजिस्टिक की लगभग 10.7 प्रतिशत और हरित ऊर्जा की हिस्सेदारी लगभग चार प्रतिशत रहने की उम्मीद है। यह विश्-लेषण व्यापक आर्थिक परिवेश, उद्योग के रुझानों और बाजार में देखी जा रही मांग पर आधारित है। अलग ने बताया कि युवाओं की भर्ती 2026 तक 11 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जिसका अर्थ है लगभग 1.28 करोड़ नई नौकरियां तैयार होंगी। आईटी सेवाओं, फिनटेक, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, लॉजिस्टिक और हरित ऊर्जा में इसकी भारी मांग रहेगी।

## प्रधानमंत्री मोदी का मुफ्त रेवड़ियां बांटने में नहीं, लोगों को सशक्त बनाने में विश्वास: गोयल




**राजकोट:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के बजाय योजनाओं के जरिये लोगों को सशक्त बनाने में विश्वास रखते हैं। गोयल ने यहां 'वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन' (वीजीआ-रसी) के दौरान 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' और 'पीएम कुसुम योजना' पर आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि इन दोनों योजनाओं की परिकल्पना प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्तिगत रूप से की है और ये उनकी सोच को दर्शाती हैं। गोयल ने कहा, यह इस बात का उदाहरण है कि किस तरह व्यक्तियों को सशक्त किया जा सकता है। लोगों को सरकार पर निर्भर नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री ऐसी योजनाओं में विश्वास नहीं रखते, जिनमें लोगों की भागीदारी के बिना आजीवन मुफ्त बिजली जैसी सुविधाएं दी जाएं। उन्होंने नागरिकों की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी योजना की सफलता के लिए लोगों की व्यक्तिगत हिस्सेदारी और प्रतिबद्धता जरूरी है। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सूर्य घर योजना के माध्यम से नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने कहा, सरकार घर पर बिजली उत्पादन के साधन मुहैया कराती है, जबकि लागत का एक हिस्सा व्यक्ति स्वयं वहन करता है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए, जहां लोग केवल यह अपेक्षा करें कि सरकार उनसे बिजली खरीदे और उन्हें मुफ्त में उपलब्ध कराए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब बिजली मुफ्त दी जाती है, तो धीरे-धीरे बिजली कटौती शुरू हो जाती है और आपूर्ति 24 घंटे से घटकर 20, फिर 16 और 12 घंटे तक सीमित रह जाती है।

## न्यूज अपडेट

### महाराष्ट्र नगर निकाय चुनावों के कारण 15 जनवरी को शेयर बाजार रहेंगे बंद

**नयी दिल्ली:** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों के कारण बृहस्पतिवार, 15 जनवरी को शेयर बाजार बंद रहेंगे। बीएसई और एनएसई ने यह जानकारी दी। शेयर खंड, वायदा एवं विकल्प खंड (डेरिवेटिव्स), जिंस और 'इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स' में कारोबार बंद रहेगा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने सोमवार को एक परिपत्र में कहा, ''महाराष्ट्र में 'नगर निगम' चुनाव के कारण बृहस्पतिवार, 15 जनवरी, 2026 को पूंजी बाजार खंड में अवकाश घोषित किया गया है।' इससे पहले, एक्सचेंज ने कहा था कि वह 15 जनवरी को निपटान अवकाश के रूप में मनाएगा, जबकि उस दिन कारोबार खुला रहेगा।

### एयर इंडिया फरवरी से अंतरराष्ट्रीय सेवाओं के लिए नया ड्रीमलाइनर तैनात करेगी

**नयी दिल्ली:** एयर इंडिया फरवरी से लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय सेवाओं के लिए अपना नया बोइंग 787-9 विमान तैनात करेगी। एयर इंडिया के निजीकरण के बाद विमान बेड़े में शामिल होने वाला पहला ड्रीमलाइनर है। एयर इंडिया ने सात जनवरी को अमेरिका के सिएटल में बोइंग की एवरेट फैक्ट्री में पहले 'लाइन फिट ड्रीमलाइनर' का टाइटल हस्तांतरण पूरा किया और एयरक्राफ्ट 11 जनवरी को दिल्ली में उतरा। आम तौर पर, लाइन फिट का मतलब होता है एक खास एयरलाइन के लिए खास तौर पर बनाया गया एयरक्राफ्ट। एयर इंडिया ने आखिरी लाइन फिट ड्रीमलाइनर अक्टूबर 2017 में खरीदा था, जब यह विमानन कंपनी सरकारी मालिकाना हक में था। एयरलाइन ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'नए बोइंग 787-9 के फरवरी 2026 में अंतरराष्ट्रीय लंबी दूरी की वाणिज्यिक सेवा में आने की उम्मीद है।'

### अमेज़न पे ने भारत में शुरू की फिक्स्ड डिपॉज़िट सुविधा

**कोलकाता :** अमेज़न पे ने भारत में अपनी वित्तीय सेवाओं का विस्तार करते हुए फिक्स्ड डिपॉज़िट (एफडी) सुविधा की शुरुआत की है। इसके लिए कंपनी ने दो प्रमुख एनबीएफसी-श्रीराम फाइनेंस और बजाज फाइनेंस-तथा पांच बैंकों के साथ साझेदारी की है। ग्राहक अब अमेज़न पे पर मात्र 1,000 रुपये से एफडी खोल सकते हैं और 8 प्रतिशत तक वार्षिक ब्याज प्राप्त कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त 0.5 प्रतिशत ब्याज का लाभ मिलेगा, जबकि महिला निवेशकों के लिए विशेष प्रोत्साहन भी दिया गया है। अमेज़न पे के सीईओ विकास बंसल के अनुसार, यह पहल ग्राहकों को सुरक्षित निवेश और बेहतर रिटर्न उपलब्ध कराने की दिशा में अहम कदम है। यह सेवा पूरी तरह डिजिटल, सरल और यूज़र-फ्रेंडली प्रक्रिया के साथ उपलब्ध होगी।

### भारत-जर्मनी ने डाक, एक्सप्रेस और लॉजिस्टिक सेवाओं के लिए समझौता किया

**नयी दिल्ली:** भारत और जर्मनी ने सीमा पार ई-कॉमर्स और समयबद्ध अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति पर विशेष ध्यान देते हुए डाक, एक्सप्रेस और लॉजिस्टिक सेवाओं में सहयोग बढ़ाने के लिए एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि इस सहयोग से निर्यात की मात्रा बढ़ने, सेवा की गुणवत्ता में सुधार होने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बढ़ाकर भारत के लॉजिस्टिक परिवेश को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इससे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारतीय व्यवसायों की भागीदारी भी बढ़ेगी। संचार मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''भारत और जर्मनी ने 12 जनवरी, 2026 को जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की भारत यात्रा के दौरान अहमदाबाद में दो प्रमुख दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर डाक, एक्सप्रेस और लॉजिस्टिक क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।'' इस समझौते के तहत भारत और जर्मनी मिलकर प्रीमियम अंतरराष्ट्रीय एक्सप्रेस उत्पाद पेश करेंगे। इसमें एक 'समयबद्ध अंतरराष्ट्रीय एक्सप्रेस सेवा' शामिल होगी, जो इंडिया पोस्ट की व्यापक अंतिम छोर तक पहुंच और डॉयचे पोस्ट-डीएचएल ग्रुप के वैश्विक एक्सप्रेस और लॉजिस्टिक नेटवर्क का लाभ उठाएगी।

**वर्ष 10, पूर्णांक 3472 अंक 282, RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in